तापमान

अधिकतम 25.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

# हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 1 जुलाई 2025

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर



12 ईरागांव स्कूल का पूरा स्टाफ पहले दिन ही रहा गायब





14 दशापाल विद्युत सब स्टेशन के बाउंड्री निर्माण में बाधक बनी अनाधिकृत सड़क




## बस्तर में यात्री रेल सुविधाओं और रेल कनेक्टिविटी के विषयों पर किया फोकस

# सांसद ने उठाया रावघाट रेल लाइन व जनजातीय गौरव कारिडोर का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

रायपुर रेलमंडल की बैठक में बस्तर को रायपुर से जोड़ने वाली रावघाट जगदलपुर रेललाइन परियोजना (140 किमी) का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने व जनजातीय गौरव रेल कारिडोर का दर्जा देने की मांग पर चर्चा होगी। सांसद महेश कश्यप ने बैठक में बस्तर में यात्री रेल सुविधाओं और रेल कनेक्टिविटी के विषयों की जानकारी दी।

बैठक में बिलासपुर रेल जोन के महाप्रबंधक और रायपुर रेलमंडल के प्रबंधक सहित एक दर्जन से अधिक वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे। सांसदों द्वारा उठाए जाने वाले रेल मंत्रालय स्तर से जुड़े विषयों को केंद्र सरकार को कार्रवाई के लिए भेजने का है। महेश कश्यप का कहना है रावघाट से जगदलपुर रेल लाइन निर्माण लिए केंद्र सरकार ने 3513 करोड़ रुपये स्वीकृत कर दिए हैं। अब जरूरी है कि अधिकारी रेललाइन निर्माण के लिए कार्रवाई को आगे बढ़ाएं। यह काम रेल जोन और मंडल को करना है। बैठक में अधिकारियों से रेललाइन निर्माण शुरू करने क्या योजना है इसकी जानकारी ली। सांसद ने बताया कि इस रेललाइन को जनजातीय गौरव रेल कारिडोर का दर्जा देने की मांग की गई, ताकि रेलवे इसे प्राथमिकता से पूरा करे।



### धमतरी कोंडागांव रेललाइन पर ध्यानाकर्षण

सांसद द्वारा प्रेषित एजेंडा में धमतरी से व्हाया विश्रामपुरी होकर कोंडागांव नई रेललाइन के सर्वे की प्रगति पर चर्चा का प्रस्ताव किया गया है। इसके अलावा अमृत भारत रेल को दिल्ली से जगदलपुर तक सप्ताह में तीन दिन व्हाया रायगढ़, झारसुगुड़ा कोरापुट होकर चलाने एवं दुर्ग जगदलपुर एक्सप्रेस ट्रेन को दोबारा शुरू करने,सम्बलपुर-जम्मूतवी साप्ताहिक ट्रेन का विस्तार जगदलपुर तक करने,पिट लाइन का निर्माण पूरा करने समेत अन्य मांग बैठक में जोर-शोर से उठाया।

## खबर संक्षेप

### सर्पदंश और डूबने से मौत 8 लाख की मदद मंजूर

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा द्वारा प्राकृतिक आपदा प्रबंधन से पीड़ित परिवार को 8 लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके अंतर्गत सर्पदंश से मृत्यु के प्रकरण में मृतिका रिषिका मोड़ियम के पिता मोड़ियम राम निवासी ग्राम चिन्ताकोन्टा तहसील उसूर एवं चेकडेम के पानी में डूबने से मृत्यु के प्रकरण में मृतक हरेन्द्र मिच्चा के पिता सुखराम मिच्चा निवासी ग्राम केतुलनार तहसील कुटरू प्रत्येक को 4-4 लाख रूपए कुल 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति दी गई है।

### इरपागुट्टा मामले की दण्डाधिकारी जांच के आदेश

**बीजापुर।** थाना बीजापुर के क्षेत्रांतर्गत घटना 6 जून को ग्राम छोटे काकलेर व इरपागुट्टा के जंगल पहाड़ के बीच जंगल में हुए पुलिस नक्सली मुठभेड़ की घटना घटित हुई है। जिसमें पुलिस और नक्सलियों के बीच फायरिंग हुई। फायरिंग रूकने के बाद सुरक्षा बलों द्वारा सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए घटना स्थल का सर्च किया गया। सर्चिंग के दौरान घटना स्थल पर चार अज्ञात पुरूष माओवादी एवं दो अज्ञात महिला नक्सली का शव सहित एके 47, रायफल, खाली मैग्जीन, खाली खोखा, बीजीएल लांचर, बीजीएल सेल सहित नक्सली सामग्री बरामद किया गया। वहीं थाना भोपालपटनम, फरसेगढ़ एवं बेदरे क्षेत्रांगर्त ग्राम अन्नापुर के जंगल पहाड़ों में हुई घटना 5 जून को घटित हुई थी। जिसमें पुलिस और नक्सलियों के बीच फायरिंग हुई।

## जनकपुरी में शुरू हुआ अखण्ड रामायण पाठ श्रवण करने बड़ी संख्या में पहुंच रहे श्रद्धालु



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर गोंचा पर्व में भगवान श्री जगन्नाथ, माता सुभद्रा व बलभद्र स्वामी के सिरहासार स्थित गुंडिचा मंदिर में विराजित होने के बाद भगवान के दर्शन और पूजन के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। सोमवार को शुभमुहर्त में श्रीरामचरित मानस का अखंड पाठ शुरू किया गया जिसका श्रवण करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे है। वहीं मंगलवार को गोंचा में हेरापंचमी पूजा विधान का आयोजन होगा।

सोमवार सुबह गुंडिचा मंदिर में श्रीगणेश पूजन के साथ श्रीरामचरित मानस का अखंड पाठ शुरू किया गया जो 24 घंटे तक चलेगा और 1 जुलाई को इसका परायण किया जाएगा। गौरतलब है कि पिछले 44 वर्ष से 360 घर आरण्यक ब्राहम्ण समाज के वरिष्ठ सदस्य बनमाली पानीग्राही के ▶▶| शेष पेज 12 पर

## नहीं था माओवादी, फर्जी मुठभेड़ में महेश की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ महेश की पत्नी सुमित्रा , बच्चे और गांव वालों से मुलाकात कर जुटाए तथ्य

आम आदमी पार्टी का जांच दल शनिवार को बीजापुर जिले के इरपागुट्टा जाकर महेश कुड़यिाम की पत्नी सुमित्रा कुड़ियाम और उनके 7 बच्चों सहित गांव वालों से मुलाकात की और मामले में तथ्यों को इकट्ठा किया कर जगदलपुर के पत्रकार भवन में प्रेसवार्ता की। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जांच दल अध्यक्ष प्रियंका शुक्ला, प्रदेश सचिव तरुणा बेदरकर, प्रदेश महिला विंग अध्यक्ष मिथिलेश बघेल एवं विवेक शर्मा ने विस्तार से जानकारियां दी।

दल अध्यक्ष प्रियंका शुक्ला ने बताया कि मृतक महेश मुड़यिाम की पत्नी सुमित्रा ने बताया कि 6 जून को महेश भैंस ढूंढने के लिए गांव में पास के जंगल की तरफ गया था, लेकिन वापस नहीं आया, गांव वालों ने सब जगह ढूंढा लेकिन नहीं मिला। 7 जून को भी ढूंढा गया लेकिन नहीं मिला। उसी दिन पटनम से लौट रहे एक व्यक्ति मेटा दिनेश नामक युवक ▶▶| शेष पेज 12 पर



## सेवानिवृत एसआई मिंज को दी गई भावभीनी विदाई

**जगदलपुर।** पुलिस विभाग से सेवानिवृत हुए पुलिस अधिकारी श्रीमती नीलमणी मिंज को सोमवार को पुलिस परिवार द्वारा भावविनी विदाई देकर उनके उज्जवल भविष्य एवं उत्तम स्वास्थ्य की शुभकामना प्रेषित की गई।

बस्तर मे पदस्थ उप निरीक्षक श्रीमती नीलमणी मिंज के सेवानिवृत्त होने पर सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया था। विदाई समारोह में मौजूद एएसपी माहेश्वर नाग व अन्य पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस अधिकारी को ▶▶| शेष पेज 12 पर









# पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित पैरामेडिकल संस्थान, रायपुर (छ.ग.)

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के विभिन्न जिलों में 12वीं के प्राप्तकों के अनुसार पैरामेडिकल संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रम में (सत्र 2025-26 ) में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित है ।

**उपलब्ध एवं प्रस्तावित प्रशिक्षण केन्द्र एवं काउंसिलिंग सेंटर के नाम, पाठ्यक्रम एवं कुल सीटें**

| प्रशिक्षण केन्द्र एवं काउंसलिंग सेंटर का नाम | मेडिकल लैब टेक्नीशियन | ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन | बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता (MPHW) | (EMT) इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन |
|---|---|---|---|---|
| रायपुर | 60 | 60 | 30 | 30 |
| बिलासपुर | 60 | 60 | 30 | 30 |
| अम्बिकापुर | 60 | 60 | 30 | 30 |
| कांकेर | 60 | 60 | 30 | 30 |
| कोंडागांव | 60 | 60 | 30 | 30 |
| जगदलपुर | 60 | 60 | 30 | 30 |
| बीजापुर | 60 | 60 | 30 | 30 |
| सुकमा | 60 | 60 | 30 | 30 |
| नारायणपुर | 60 | 60 | 30 | 30 |
| दंतेवाड़ा | 60 | 60 | 30 | 30 |

**आवेदन हेतु 12 वी कक्षा में न्यूनतम प्रतिशतः** अनु. जनजाति 40%, अनु जाति हेतु 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 45%, सामान्य वर्ग 50% या अधिक। विकलांग, सैनिक / स्व. संग्राम सेनानी वर्ग के उम्मीदवारों हेतु निर्धारित सीट आरक्षित है ।

**नोट-**

1. आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारूप को कम्प्यूटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रूप से भरे । साथ ही 26 रुपये का डाक टिकट लगा हुआ 10x4 का सफ़ेद लिफाफा में अपना स्वयं का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिखकर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे ।

(आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जाएगा)

2. चयनित उम्मीदवारों को कॉल लेटर द्वारा काउन्सिलिंग हेतु सूचित किया जायेगा । 3. केवल आवेदक ही काउन्सिलिंग हेतु पात्र होंगे ।
4. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते हैं ।
5. जो विद्यार्थी सत्र 2025-26 में 12वी उत्तीर्ण हुए हैं, वह 12वी के रिजल्ट का ऑनलाइन कॉपी या ओरिजनल का छायाप्रति लगाकर आवेदन कर सकते हैं ।

**आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि :- 30/07/2025 तक ।**

**आवेदन पत्र भेजने का प्रारूप**

पासपोर्ट साइज़ फोटो

**प्रति**
**संचालक**
NSDC **पैरामेडिकल संस्थान**
**महादेव घाट रोड, (रायपुरा) रायपुर (छ.ग.) पिन - 492013**
**महोदय,**

........................................ (पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा/रही हूँ ।

1. आवेदक का नाम ........................ 2. पिता/पति........................
3. जन्म तिथि अंकों में ........................4. वर्ग अनु. ज. जाति ☐ अनु. जन जाति ☐ पिछड़ा वर्ग ☐ सामान्य ☐
5. पत्र व्यवहार का पता - ग्राम ........................पोस्ट........................
तहसील........................थाना........................जिला........................पिन कोड........................
मो. नं. 1 ........................मो. नं. 2 ........................ व्हाट्सअप नं........................
6. केन्द्र का नाम जहाँ चयन परीक्षा प्रवेश लेना चाहते हैं........................
7. शैक्षणिक योग्यता-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | | | | | |
| 2. | | | | | |

कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल संस्थान, NSDC-SID केन्द्र क्रमांक TC210200 रायपुर (छ.ग.)





# जीवेत शरदः शतम्



# लखेश्वर बघेल

एक पुजारी | एक किसान | एक जनसेवक



## विकास कार्य एक नजर

- विकासखण्ड मुख्यालय बस्तर में शासकीय महाविद्यालय की स्थापना
- मिनी स्टेडियम निर्माण - ग्राम पं. छोटेदेवड़ा एवं ग्राम पंचायत बड़ेचकवा
- 15 नवीन धान खरीदी केन्द्रों की स्थापना
- 22 नवीन पंचायतों का गठन
- जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की स्थापना- ग्राम पंचायत बजावण्ड
- बकावण्ड एवं बस्तर पुलिस चौकी का पुलिस थाना के रूप में उन्नयन
- 05 शासकीय अंग्रेजी माध्यम एवं हिन्दी माध्यम विद्यालयों की स्थापना
- 100 किलोमीटर से अधिक नवीन पक्की सड़कों का निर्माण
- विद्युत उप केन्द्र की स्थापना
- आदिवासी धार्मिक आस्थाओं से जुड़े 450 से अधिक देवगुड़ियों का निर्माण एवं जीर्णोद्धार कार्य
- आदिवासी संस्कृति का परिक्षण एवं विकास हेतु आदर्श देवगुड़ियों का निर्माण-ग्राम पंचायत बजावण्ड एवं नगर पंचायत बस्तर
- उन्नत एवं व्यापक कृषि हेतु 400 से अधिक कृषकों के कृषि भूमि में बोर खनन
- 100 से अधिक कृषकों के नलकूपों में विद्युत लाईन विस्तारिकरण कार्य
- प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना ग्राम पंचायत बजावण्ड
- स्टापडेमों का निर्माण ग्राम पंचायत छोटेदेवड़ा में रायकेरा नाला, ग्राम पंचायत भाटपाल में घोड़ा बहार नाला
- बाण सागर तालाब का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्गीकरण कार्य नगर पंचायत बस्तर
- 40 शासकीय उचित मुल्य दुकानों हेतु भवनों का निर्माण
- विधानसभा अंतर्गत समस्त शासकीय हाई स्कूल एवं हायर सेकण्ड्री स्कूलों में सायकल स्टैंड निर्माण कार्य
- विकासखण्ड मुख्यालयों में मितानिन प्रशिक्षण केन्द्रों का निर्माण कार्य
- नवीन तहसील की स्थापनां ग्राम करपावण्ड
- राजस्व अनुविभागीय कार्यालय की स्थापना विकासखण्ड बकावण्ड
- पशु चिकित्सालय औषधालय निर्माण कार्य ग्राम पंचायत लावागांव, मोहलई, करपावण्ड, छोटेदेवड़ा एवं मधोता
- पशु चिकित्सालय का औषधालय में उन्नयन ग्राम पंचायत बजावण्ड एवं करपावण्ड
- वृहद पुल निर्माण कार्य ग्राम पंचायत जैबेल-गारेंगा -डिमरापाल, ग्राम पंचायत छोटे जिराखाल, ग्राम पंचायत पाथरी एवं ग्राम पंचायत सतोषा
- सिंचाई तालाबों का उन्नयन एवं जीर्णोद्धार
- हजारों की संख्या में वनाधिकार पट्टा का वितरण
- ग्राम बेड़ाउमरगांव में नवीन नर्सरी की स्थापना
- अनुसुचित जाति, जनुसूचित जनाजाति एवं पिछड़ा वर्ग समाज हेतु सामाजिक भवनों का निर्माण
- ग्राम पंचायत भोण्ड, चितालूर, चारगांव में सामूहिक खेती को प्रोत्साहन
- मेला-मढ़ई एवं बाली मेला के आयोजनों हेतु अनुदान राशि प्रदान
- सिहरा-गुनिया, पुजारी को प्रोत्साहन राशि दिलाने प्रयास
- बस्तर-बकावण्ड एवं देउरगांव-मोंगरापाल सड़क चौड़ीकरण कार्य
- विधान सभा क्षेत्र बस्तर के फलोराईड युक्त ग्रामों में फलोराईड रिमुवल प्लांट की स्थापना

1 जुलाई



इस धरा पर क्या है जो अति सुंदर है ।
तो मेरा बस्तर इस प्रश्न का उत्तर है ।।
मेरा बस्तर स्वर्ग के दर्पण के जैसा ।
इसका एक एक कण स्वर्ण के जैसा ।।
सँस्कृति प्रकृति समृद्धि का गौरव गान है ।
मेरा बस्तर मेरी आत्मा मेरा अभिमान है ।।
उम्मीदों के खेत में पानी का एक जरिया हूँ ।
मेरी बस पहचान यही कि मैं एक बस्तरिया हूँ ।।
यहाँ बचपन गुड़ बोबो, जवानी आमट बुढ़ापा
मड़िया पेज की तरह ।
यहाँ इतने देवी देवता हैं कि, लगता है बस्तर
देवी देवताओं के देश की तरह ।।
लोगों ने मुझे जितना प्रेम दिया सोचता हूँ
क्या मैं इतने प्रेम का अधिकारी हूँ।
बस्तर की जनता ने मुझे अपना जनसेवक चुना है,
ह्रदय की गहराइयों से मैं उनका आभारी हूँ ।।
हर बस्तरिया का दुख मेरा है, उनकी हर खुशी में
उनके संग हँसता हूँ ।
मुझमें है मेरा बस्तर और मैं बस्तर में बसता हूँ ।।
कौन है लखेश्वर बघेल ? तो मेरा जवाब यही कि,
जो बस्तर के हर गणित को सुलझाने में लगा है,
वही सूत्र है।
लखेश्वर बघेल अपनी बस्तर भुइयाँ,
अपनी दंतेश्वरी माई,
अपनी माँ हिंगलाजिन का पुत्र है ।।
जय बस्तर... जय बस्तरिया ।।

# बस्तर के जननायक

## बस्तर विधायक मान. लखेश्वर बघेल जी

### को जन्मदिन की ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएँ

### संघर्ष से तप कर हासिल किया मुकाम

सरकारी नौकरी छोड़कर राजनीति में आना लखेश्चर बघेल के लिए आसान नही था। पग पग पर उन्हें संघर्ष करना पड़ा । मार्ग में फुल से ज्यादा कांटे रहे लेकिन अपने सहज सरल व्यवहार के कारण हर कठिनाइयों और मुश्किलों को पार करते हुए वे आगे बढ़ते गए। लगातार 3 बार के वरिष्ठ विधायक हैं जिला पंचायत अध्यक्ष और बस्तर क्षेत्र विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रहकर उन्होंने गांव गरीब और किसान के साथ बिना किसी भेदभाव के हर वर्ग को मदद करते हुए लगातार आगे बढ़ रहे है। उनका व्यक्तिव जितना सरल है उतना ही विराट भी हैं। उन्होंने कभी पद पाने की लालसा नही की। जो काम पार्टी ने दिया उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ करते चले जा रहे हैं । कोई उन्हें दादा, कोई पुजारी कोई भैया कोई पिता कोई बेटा कहकर उनसे बेझिझक सहयोग मांग लेता है। अपने व्यवहार के चलते वे कभी किसी को निराश नही करते जितना बन पड़ता है उतना देकर हंसते मुस्कराते हुए हाथ जोड़कर आगे बढ़ जाते हैं। यही कारण हैं कि उनकी दिनचर्या में गांव के किसी गरीब के घर शोक कार्यक्रम हो या फिर विवाह या किसी तरह का धार्मिक आयोजन । अपने क्षेत्र के किसी भी गांव का ग्रामीण उनके निवास में आकर यदि उन्हें बुलाता हैं तो वे जरूर जाते है। एक और विशेषता लखेश्वर बघेल के व्यक्तिव में झलकता है वह है अन्याय के खिलाफ आक्रोश । बड़ा से बड़ा अफसर हो या किसी भी फील्ड का रसूखदार यदि वह किसी गरीब के साथ गलत करता हैं तो वे सहन नही करते गरीब को न्याय दिलाने के लिए हर तरह से आवाज बुलंद करते है। यही कारण है कि विपरीत परिस्थितियों के बावजूद उनकी जन नेता की छवि हमेशा उन्हें ऊंचाई की ओर ले जाती है। जब विरोधी दल का लहर चल रहा था तब भी वे जीत हासिल करने में कामयाब हुए। वे अपने सहज अंदाज में कहते है में राजनेता नही जनता का सेवक हूं।














## विनीत- बस्तर विधानसभा के समस्त नागरिक


राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस
की बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं...
रोगों का निवारण
समुचित टीकाकरण
आप सभी एक जागरूक अभिभावक के
साथ-साथ एक जागरूक नागरिक बनकर
सभी को आवश्यक टीकाकरण के लिए प्रेरित करें।
पांच साल-सात बार
छूटे ना टीका एक भी बार
टीकाकरण करवाकर अपने बच्चों को
बारह जानलेवा बीमारियों से बचाएं
समझदारी दिखाएं!
अपने बच्चों का
संपूर्ण टीकाकरण करवाएं
गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण समय पर करवाएं
जागरूक बनें, औरों को भी
जागरूक करें
विनीत-
बस्तर जिले के समस्त चिकित्सक


बस्तर संभाग में दन्त चिकित्सा की प्रथम स्पेशिएलिटी सुविधा
डॉ. प्रतीक लागू
बी.डी.एस., एम.डी.एस (आर्थोडान्टिक्स)
(Bangalore) (Gold Medalist)
Orthodontic and Cosmetic dental care centre
Happy Doctors Day 2025
मुख्य सुविधाएं -
1. टेढ़े मेढ़े दांतों का उपचार
2. अधिक बाहर निकले हुए दांतों का उपचार
3. स्माईल डिजाईनिंग
4. दांतों के बीच गैप का उपचार
5. चेहरे का विकास सुधारना
6. कटे-फटे होंठों का उपचार
अन्य सुविधाएं-
1. दांतों की जड़ों का उपचार, फिक्सड दांत/कैपिंग
2. दांत निकालना, कृत्रिम बत्तीसी
3. आधुनिक कॉस्मेटिक डेन्टल फिलिंग,
4. दांतों की सफाई, दांतों का ब्लीच, डिजिटल एक्स-रे
5. डेंटल कैमरा, डेंटल इम्प्लांट, डेंटल ज्वेलरी
6. दांतों की अन्य सभी समस्याओं का उपचार
समयः
प्रातः 10.00 बजे से
दोपहर 2.00 बजे तक
एवं संध्या 5.00 बजे से
रात्रि 9.00 बजे तक
लागू डेन्टल स्पेशिएलिटी क्लीनिक
लागू नर्सिंग होम के अंदर, चित्रकोट रोड, राउतपारा, जगदलपुर फोन : 7489056893


CENTERVISION
गायत्री मंदिर के सामने, चित्रकोट रोड, जगदलपुर
समस्त चिकित्सकों एवं
स्वास्थ्य कर्मियों को
राष्ट्रीय
चिकित्सक दिवस
की बहुत-बहुत बधाई एवं
शुभकामनाएं
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन
कम्प्यूटराइज्ड, चश्में की जांच
काला पानी का ऑपरेशन
कॉन्टेक्ट लैंस
मोतियाबिंद का ऑपरेशन
डॉ. सरिता मनोज थामस
MBBS, DOMS, PHACO SURGEON


MANORAMA NURSING HOME
Anupama Talkies Road, Jagdalpur, Bastar, Ph- 7898745820
Dr. JYOTI LAGOO
M.B.B.S.,MD (OB&G)
Gynaecologist & Laparoscopic Surgeon
Reg. C.G.M.C. 1188/2007
Dr. ARPITA LAGOO
M.B.B.A.S., D.N.B.
Gynaecologist (Gold Medalist)
Reg.C.G.M.C. 2570/2009
मनोरमा नर्सिंग होम
HAPPY Doctor's Day
उपलब्ध सुविधाएं
प्रसव सामान्य एवं जटिल, अल्ट्रा
सोनोग्राफी, 3D/4D कलर डॉप्लर,एडवांस
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी- हिस्टरोक्टोमी,
ओवेरियन सिस्ट, बच्चेदानी से संबंधित
समस्त ऑपरेशन, बांझपन : डायग्नोस्टिक
लेप्रोस्कोपी एवं हिस्टेरोस्कोपी द्वारा विशेष
जांच एवं उपचार तथा निःसंतान दम्पतियों के
लिए चिकित्सा IUI ,
नसबंदी :- टी.टी.वी.टी. लेप्रोस्कोपिक
टी.टी. कॉल्पोस्कोपी
(बच्चेदानी के मुख के कैंसर की जांच)


डॉ. हेमन्त कुमार
कम्प्यूटराईज्ड पैथोलॉजी लैब
प्रत्येक प्रकार के आवश्यक रक्त, मल, मूत्र
परीक्षण का आपका विश्वसनीय संस्थान
राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस
की बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं...
अत्याधुनिक उपकरणों द्वारा टेस्ट की सुविधा
MISPA i3
Nephiometry
MISPA NANO 200
Fully Auto Biochemistry Analyser
D10 BIORAD HPCL
For Accurate HBA1c Test
VIDAS- For Thyroid
T3,T4,Tsh and all
Harmones, Cardiac Markers
CELL COUNTER
For Complete Blood Count
विशेष सुविधाएं:
थायराइड हार्मोंस T3,T4,Tsh (प्रतिदिन)
टाक्सोप्लाज्मा, टार्च टेस्ट (प्रतिदिन)
C.B.C.(प्रतिदिन) - QUANTITIVE
Q.B.C. MP: फ्लुरोसेन्ट माइक्रोस्कोपी द्वारा
मलेरिया परीक्षण (on demand)
P.S.A. IgE, ASO, Cardiac Markers: (प्रतिदिन)
RAF/CRP (प्रतिदिन) FSH, LH, Protactin
अजय इंटरप्राइजेस के बाजू में, बालाजी वार्ड, जगदलपुर. 07782 796175
समय- प्रातः 8:30 से रात्रि 8:30 (प्रतिदिन)
रविवार- 8:30 से 2:00

## खबर संक्षेप



### कृषि केंद्रों में बीज व खाद की जांच नियमों के उल्लंघन पर नोटिस जारी

**कोण्डागांव।** जिले में अमानक बीज एवं खाद की बिक्री पर निगरानी और रोकथाम हेतु कृषि विभाग की टीम द्वारा कोंडागांव स्थित अम्बिका कृषि संसार एवं प्रयाग कृषि केंद्र का निरीक्षण किया गया। कृषि विभाग के उप संचालक डी. पी. टांडे ने बताया कि निरीक्षण के दौरान दोनों प्रतिष्ठानों के पास आवश्यक लाइसेंस तो मौजूद थे। किंतु मूल्य सूची प्रदर्शित नहीं थी तथा स्टॉक रजिस्टर का संधारण अद्यतन रूप में नहीं पाया गया। नियमों के उल्लंघन को गंभीरता से लेते हुए दोनों केंद्रों को नोटिस जारी कर तीन दिवस के भीतर संतोषजनक स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित समयावधि में उत्तर प्राप्त न होने या उत्तर असंतोषजनक पाए जाने की स्थिति में संबंधित दुकानों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### नगर निगम अमले ने अतिक्रमण हटाया

**जगदलपुर।** गंगानगर वार्ड गीदम रोड पर राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे स्थित बड़ी पुलिया के पास सांस्कृतिक भवन के लिए आरक्षित भूमि पर अवैध अतिक्रमण को नगर निगम ने हटा दिया है। नगर निगम ने विष्णु को दो बार नोटिस जारी किया गया। लेकिन रविवार अवकाश को देखते हुए उसने फिर से अतिक्रमण करने की कोशिश की और उसमें कामयाब भी हुआ। वार्डवासियों ने इसकी शिकायत नगर निगम आयुक्त प्रवीण वर्मा से की। आयुक्त के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अवैध अतिक्रमण को हटाया गया। अतिक्रमणकारियों को हिदायत दी गई की दोबारा ऐसी हरकत करने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अतिक्रमण दस्ते में सहायक यंत्री अशोक कोराम,सुशील कर्मा,गोलू,शेखर आदि मौजूद रहे।

### बस्तर का लजीज व्यंजन बोड़ा, छत्तु और बास्ता



**जगदलपुर।** इन दिनों शहर के संजय बाजार और ग्रामीण क्षेत्रों के हाट बाजारो में बोड़ा और बास्ता की धूम है। बस्तर के लोग इन देशी व्यंजन का स्वाद चखने के लिए लालायित रहते है। बोड़ा में तो आग लगी है हजार रुपए तक किलो पहुंच चुका है जो मटन, चिकन, मछली और पनीर से अधिक दाम में बिक रहा हैं। वही छाती या छत्तु भी यदा कदा बाजार में नजर आ रहा है। उसके भी शौकिन देखते ही टूट पड़ रहे है। बोड़ा और छाती कही कही दिखाई पड़ता है इसके लिए ओड़िसा और दूसरे जिले कोंडागांव तक जाकर महिला पनारिन ला रहे है। इससे उन्हें अच्छा खासा मुनाफा हो जाता है। वहीं बास्ता का दाम सब जगह एक समान है 20 रूपये दोनी या 3 दोनी का 50 रूपये है।

## प्रवेशोत्सव: विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव दहिकोंगा में आयोजित

# पाठ्यपुस्तक, गणवेश, खेल सामग्री, जाति प्रमाणपत्र ट्रायसिकल, श्रवण यंत्र और पौधों का हुआ वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय दहीकोंगा में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य रामदई नाग उपस्थित थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत की अध्यक्ष अनिता कोर्राम द्वारा की गई। विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष टोमेंद्र सिंह ठाकुर, जनपद पंचायत की सदस्य मोमबती बघेल, संतोष पात्रे, प्रेम सिंह नाग, लूभा सिंह नाग पूर्व जिला पंचायत सदस्य, प्रेम नेताम सरपंच दहिकोंगा, सायमन कश्यप सरपंच सुकुरपाल, गेंदावती चंदेल सरपंच माकड़ी, सकीला पोयम सरपंच बनियागांव, उपसरपंच मनोज देहारी एवं मीना कश्यप, भारती प्रधान जिला शिक्षा अधिकारी, मनोज दूबे विकास खंड शिक्षा अधिकारी सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से किया गया। पूर्व माध्यमिक शाला दहिकोंगा, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय दहिकोंगा एवं उच्च प्राथमिक शाला पुसावण्ड के छात्र–छात्राओं ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में सभी अतिथियों ने नवप्रवेशी बच्चों को उत्साहपूर्वक तिलक लगाकर एवं मिष्ठान खिलाकर उनका स्वागत किया। निःशुल्क गणवेश, पाठ्य–पुस्तक, जाति प्रमाण पत्र, समावेशी शिक्षा अन्तर्गत दिव्यांग बच्चों को ट्रायसिकल, वाकर, व्हील चेयर, एम आर कीट, लो विज़न कीट, श्रवण यंत्र, विद्यालय स्तर पर खेल सामग्री, एक वृक्ष मां के नाम के तहत 450 बच्चों को पौधा वितरण, बोर्ड परीक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं एवं 12वीं के प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों का सम्मान, राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों का सम्मान किया गया।



### आगे बढ़ने के लिए मेहनत एवं लगन से पढ़ाई करें : ठाकुर

कार्यक्रम के अतिथि प्रेमसिंह नाग, अनिता कोर्राम एवं टोमेन्द्र सिंह ठाकुर ने अपने उद्बोधन में बच्चों को नवीन शिक्षण सत्र में प्रवेश की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए मेहनत एवं लगन से पढ़ाई करने की आवश्यकता है। बच्चे अपने शिक्षकों का सम्मान करें उनके मार्गदर्शन मेहनत के साथ पढ़ाई करते हुए अपने स्कूल, परिवार और जिले का नाम रोशन करें। अतिथियों ने विज्ञान प्रदर्शनी, नवाचार एवं कबाड से जुगाड़ पर आधारित मॉडल का निरीक्षण किया। एक पेड़ मां के नाम मिशन में शामिल होकर पौधारोपण का कार्य किया। कार्यक्रम के अंत में नेवता भोज का भी आयोजन किया गया। जिसमें सभी अतिथियों, शिक्षक, शिक्षिकाओं, संकुल समन्वयकों एवं पालकगणों ने भोजन ग्रहण किया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती प्रधान, विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनोज दुबे, सहायक जिला परियोजना अधिकारी शीला शार्दुल, खंड स्त्रेत समन्वयक मालती ध्रुव, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी इरशाद अंसारी, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय दहिकोंगा के प्राचार्य त्रिनाथ प्रसाद जोशी प्राचार्य, व्यायाम शिक्षक ऋषिदेव सिंह, बीआरपी अशोक साहू, निर्मल शार्दूल, साक्षरता बीपीओ डीएस.पोटाई, राज्य पुरस्कृत शिक्षक पवन साहू, संकूल समन्वयक रविंद्र नेताम, राजू राम दीवान, रामूराम सिंहा, मयाराम उसरे, बलई दास, बृजलाल कोर्राम, अमलेश बारले, कमलेश्वर कमेटी, आसमन सोड़ी, काशीनाथ पांडे, जब्बर डहरिया सहित समस्त संकुल समन्वयक, सेजस के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे और शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## एक साल से टूटी पड़ी पुलिया बनी खतरे की वजह, ट्रैक्टर पलटा, फसल बर्बाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

कोंडागांव जिले के फरसगांव विकासखंड अंतर्गत ग्राम झाकरी की एक क्षतिग्रस्त पुलिया पिछले एक वर्ष से मरम्मत की बाट जोह रही है। बीते वर्ष की बारिश में यह पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिसकी खबरें सोशल मीडिया में वायरल हुई थीं। इसके बावजूद आज तक स्थायी मरम्मत कार्य नहीं कराया गया।

- मुख्यमंत्री कार्यक्रम के लिए अस्थायी मरम्मत, उसके बाद नहीं लिया किसी ने सुध

स्थानीय लोगों का कहना है कि जब ग्राम पंचायत भोंगापाल में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का कार्यक्रम आयोजित हुआ था, तब अधिकारियों ने तात्कालिक समाधान के तौर पर पाइप डालकर ऊपर मुरुम भरवाया था, जिससे केवल कार्यक्रम के दिन ही आवाजाही हो सके। लेकिन उसके बाद मरम्मत कार्य ठंडे बस्ते में चला गया।



### 'जुगाड़ू मरम्मत' अब बनी जानलेवा

बीते दिन उसी क्षतिग्रस्त पुल से होकर एक किसान मक्का लदा ट्रैक्टर लेकर जा रहा था, तभी अस्थायी मुरुम की सतह धंस गई और ट्रैक्टर पलट गया। किसी तरह से चालक की जान बच पाई, परंतु ट्रैक्टर में भरी मक्का की पूरी फसल नष्ट हो गई।

ग्राम झाकरी और माहकापारा के लोगों के लिए यह पुल एकमात्र संपर्क मार्ग है। बच्चों को स्कूल जाना हो, या ग्रामीणों को राशन दुकान – सब इसी पुल से होकर गुजरते हैं। अब जबकि मानसून ने दस्तक दे दी है, तो हालात और भी गंभीर हो सकते हैं।

### मानसून में खतरा बढ़ा, ग्रामीणों में रोष

ग्रामीणों का कहना है कि वे अब थक चुके हैं अधिकारियों से गुहार लगाते-लगाते। उन्हें डर है कि यदि जल्द स्थायी मरम्मत नहीं कराई गई, तो कोई बड़ी जनहानि हो सकती है। जनता को उम्मीद है कि प्रशासन अब जागेगा और जल्द से जल्द इस पुल की मरम्मत कराएगा।

# ईरागांव स्कूल का पूरा स्टाफ पहले दिन ही रहा गायब



**धनोरा।** शिक्षा सत्र प्रारंभ होते ही ग्रामीण अंचल में स्थापित शिक्षा व्यवस्था का एक अजीबो गरीब मामला प्रकाश में आया है।



शाला के प्रभारी प्राचार्य से लेकर कोई भी शिक्षक 16 जून को शाला में पंहुचे नहीं पर शाला के उपस्थिति रजिस्टर में सभी का हस्ताक्षर दर्ज हो गया।

- बीईओ, संकुल समन्वयक के पहुंचने पर 10 स्टाफ नहीं था स्कूल में

विकासखंड शिक्षा अधिकारी सहायक खंड शिक्षा अधिकारी एवं खंड श्रोत समन्वयक पाठ्य पुस्तक बार स्केनिंग के संबंध में जब शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ईरागांव पंहुचे तो वहां 10 में से पूरे 10शिक्षक वहां गैरहाजिर मिले। सभी शिक्षकों के नदारत रहने पर शाला पंहुचने हुए अधिकारी हतप्रभ रह गए। जिसके संबंध में विकास खंड शिक्षा अधिकारी ने जिला शिक्षा अधिकारी कोंडागांव को 18-06-2025 को शिक्षकों के अनुपस्थिति के बारे में जानकारी प्रेषित करते नियमानुसार उचित कार्रवाई का प्रस्ताव प्रेषित किया है।

### एक दिन का वेतन कटेगा

जिला शिक्षा अधिकारी ने इस संदर्भ में पूछे जाने पर बताया कि अनुपस्थित रहे। सभी शिक्षक का एक दिन का वेतन काटा जायेगा।

**भारती प्रधान**
जिला शिक्षा अधिकारी, कोंडागांव

## डॉक्टर्स डे पर धरना स्थल पर संचालित होगी एक दिवसीय विशेष ओपीडी

**नारायणपुर।** जिला चिकित्सालय नारायणपुर के डॉक्टर एवं स्वास्थ्य कर्मचारी 26 जून से ओपीडी सेवाओं का बहिष्कार कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर मरीजों की चिंता और जनस्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए डॉक्टरों ने 1 जुलाई राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर एक मानवीय और संवेदनशील निर्णय लिया है। धरनास्थल पर ही मंगलवार को ओपीडी संचालित करेंगे।

- जिला अस्पताल डाक्टर व कर्मचारी के आंदोलन का पांचवां दिन

डॉक्टरों की ओर से कलेक्टर को भेजे गए पत्र के अनुसार 1 जुलाई को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक नवीन रूप से पंजीकृत धरना स्थल बखरूपारा नारायणपुर में एक विशेष ओपीडी शिविर आयोजित किया जाएगा। डॉक्टरों का कहना है कि "हमारी लड़ाई सम्मान और गरिमा की रक्षा के लिए है, न कि मरीजों के खिलाफ। डॉक्टर दिवस जैसे अवसर पर हमारी चिकित्सकीय संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी हमें मरीजों की मदद करने से नहीं रोक सकती।" इस एक दिवसीय ओपीडी का उद्देश्य उन मरीजों को राहत देना है जो बीते दिनों से बंद ओपीडी सेवाओं के कारण परेशान हैं। यह सेवा पूरी तरह निःशुल्क एवं स्वैच्छिक होगी और सभी आवश्यक प्राथमिक चिकित्सा एवं परामर्श सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

## कमेला में हर्षोल्लास से मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव नवप्रवेशी बच्चों का किया पारंपरिक ढंग से स्वागत

**कोण्डागांव।** कोंडागांव विकासखंड के अंतर्गत कमेला में संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ शासकीय हाई स्कूल के सभा कक्ष में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच कामदेव कश्यप, उपसरपंच प्रेमसिंह बघेल, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रेवतमल पांडे सहित अन्य पंचायत प्रतिनिधि, पालकगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत नवप्रवेशी विद्यार्थियों कक्षा पहली, छठवीं और नवमी का पारंपरिक तिलक व पुष्पगुच्छ से स्वागत कर की गई। अतिथियों द्वारा विद्यार्थियों को गणवेश एवं पाठ्य पुस्तकें वितरित की गईं तथा मिठाई खिलाकर उत्साहवर्धन किया गया।

संकुल प्राचार्य होरीलाल चंद्रवंशी एवं संकुल समन्वयक गौतम राम पांडे ने अपने संबोधन में शासन द्वारा संचालित योजनाओं और छात्रें को मिलने वाले शैक्षणिक लाभों की जानकारी दी। साथ ही बच्चों को नियमित रूप से स्कूल आने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर कक्षा 5वीं, 8वीं एवं 10वीं के मेधावी छात्रें को संकुल स्तर पर सम्मानित कर पुरस्कार भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम की विशेष बात रही एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक पौधारोपण किया जाना, जिससे पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश भी प्रसारित हुआ।



**इनका रहा विशेष योगदान :** कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधान अध्यापक सूरीज पोयाम, मदन लाल कोर्राम, अमृत लाल देवांगन सहित शिक्षकगण तिलक मंडावी, वीरेंद्र ठाकुर, सौरभ यदु, दीपक चौरे, अविनाश बेनर्जी, सुश्री तरुणी पटेल, सुश्री अरुणा सिन्हा, सुश्री तुलसी भोई, सुश्री श्वेता यदु एवं कु. रोशनी का विशेष योगदान रहा। सहयोगी भृत्यगण में जगत नेताम, राम सागर, रितेश सेठिया, मदन नेताम एवं दसो पोयाम का भी उल्लेखनीय सहयोग रहा। कार्यक्रम ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों के बीच उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया।

# प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना से पुष्पलता को मिल रही मुफ्त बिजली

**कोण्डागांव।** केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना ने ग्रामीण और शहरी घरेलू उपभोक्ताओं के लिए ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की नई राह खोल दी है। इस योजना के तहत लाभार्थियों को उनके घरों की छत पर रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिससे न केवल बिजली बिल शून्य हो रहा है, बल्कि अतिरिक्त बिजली से आमदनी भी हो रही है।

- बिजली बिल शून्य, खर्च में राहत और अब होगी अतिरिक्त आमदनी

ऐसे ही एक हितग्राही हैं जिले के आड़काछेपारा निवासी अरुण कुमार विश्वास, जिन्होंने अपनी पत्नी श्रीमती पुष्पलता विश्वास के नाम से पीएम सूर्य घर पोर्टल पर आवेदन कर 3 किलोवाट का सोलर प्लांट लगवाया है। श्री विश्वास ने बताया कि पहले उनका मासिक बिजली बिल लगभग 2,000 रुपए आता था, लेकिन अब यह पूरी तरह शून्य हो चुका है। इससे बिजली की कटौती होने पर भी विद्युत सप्लाई बाधित नहीं होती है, जिससे उनके परिवार को बड़ी राहत मिली है। सोलर प्लांट से उत्पन्न अतिरिक्त बिजली ग्रिड में सप्लाई होकर अतिरिक्त आय का स्रोत भी मिलेगा। श्री विश्वास ने बताया कि इससे उन्हें आर्थिक राहत के साथ–साथ पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिल रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देते हुए अधिक से अधिक लोगों से इस योजना का लाभ उठाने की अपील की। केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा घर के छतों में सौर पैनल स्थापना के लिए हितग्राहियों को प्लांट की क्षमता के आधार पर सब्सिडी दी जा रही है।



**पीएम सूर्य घर मोबाइल एप में करा सकते हैं पंजीयन :** रूफटॉप सोलर संयंत्र की क्षमता अनुसार 01 किलोवॉट के लिए लगभग 65 हजार रूपए की लागत पर केंद्र सरकार द्वारा 30 हजार रूपए और राज्य सरकार द्वारा 15 हजार रुपए की सब्सिडी दी जाएगी, 02 किलोवाट के लिए 01 लाख 30 हजार रूपए की लागत पर 60 हजार रूपए की सब्सिडी और 03 किलोवाट से अधिक की सोलर संयंत्र के लिए 01 लाख 95 हजार की लागत पर 78 हजार रूपए और राज्य सरकार द्वारा 30 हजार की सब्सिडी दी जाएगी। इसमें हितग्राही का अंशदान 10 प्रतिशत रहेगा और शेष राशि के लिए बैंकों द्वारा 07 प्रतिशत की ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराई जाएगी। पीएम सूर्यघर योजना का लाभ उठाने के लिए जिले के विद्युत उपभोक्ता वेब पोर्टल या पीएम सूर्य घर मोबाइल एप में पंजीयन करा सकते हैं।

## पेज 9 के शेष

### जनकपुरी में शुरू हुआ अखण्ड...

परिवार के द्वारा अंखड रामायण पाठ का आयोजन किया जा रहा है। श्री पानीग्राही ने बताया कि भगवान जगन्नाथ, माता सुभद्रा व बलभद्र स्वामी की असीम कृपा से वर्ष 1981 से शुरू हुए श्रीरामचरित मानस का अखंड पाठ का यह सिलसिला अनवरत 44 वर्षों से बस्तर गोंचा पर्व में मेरे परिवार के माध्यम से गुंडिचा मंदिर में किया जा रहा है जिसे आगे भी इसे अनवरत जारी रखा जायेगा। सोमवार को गुंडिचा मंदिर में श्रीजगन्नाथ, माता सुभद्रा व बलभद्र स्वामी के समक्ष सोमवार को 38 परिवारों ने सत्यनारायण कथा श्रवण किया।

**प्रभु को अमनिया भोग को अर्पण, आज हेरा पंचमी :** रियासत कालीन परंपरा का निर्वहन करते हुए भगवान श्रीजगन्नाथ को अर्पण किये जाने वाले अमनियात भोग का अर्पण ग्राम बिन्ता, बारसुर, कुम्हली, पोटानार, लोहण्डीगुड़ा, छिन्दगांव व टाकरागुड़ा के 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के परिवारों द्वारा श्रीजगन्नाथ के भात-प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे श्रृद्धालुओं ने श्रीजगन्नाथ के भात का प्रसाद ग्रहण किया। बस्तर गोंचा में मंगलवार आषाढ़ शुक्ल षष्ठी तिथि को नियत कार्यक्रम के अनुसार हेरापंचमी पूजा विधान संपन्न की जाएगी। हेरापंचमी पूजा विधान में महालक्ष्मी की दो डोलियां श्रीजगन्नाथ मंदिर से निकाली जाएगी। एक डोली पहले निकलकर बस्तर महाराजा के राजमहल, राजगुरू परिवार व कुंवर परिवार की ओर से होते हुए सिरहासार चौक पंहुचने के बाद दूसरी डोली श्रीजगन्नाथ मंदिर से निकलकर माता महालक्ष्मी की दो डोलियां रथ परिक्रमा स्थल से होते हुए गुंडिचा मंदिर पंहुचेगी जहां माता लक्ष्मी व भगवान श्रीजगन्नाथ के मध्य संवाद होगा।

### नहीं था माओवादी, फर्जी ...

की गांव वालों से मुलाकात हुई। दिनेश ने बताया कि किसी व्यक्ति को पुलिस वालों ने हाथ बांधकर रखे देखा था इसके बाद गांव वाले 8 जून को बीजापुर थाने आए। तब वहां पर पूछताछ करने से फोटो दिखाया गया, जिसमें पुष्टि हुई कि महेश को मार दिया गया है और उसको नक्सली बताया गया है। इसके बाद वही पर महेश की बॉडी परिजनों और गांव वालो को दे दी गई। इस पूरे मामले में गांव वालों , परिवार, स्कूल वालों से बातचीत कर जांच में यह तथ्य सामने आया। सबने एक ही सुर में यह बात बार बार दोहराई कि महेश कुड़यिम नक्सली नहीं था और न कभी शामिल हुआ था। महेश के बारे में सबका यही कहना है कि वो एक आम जीवन जीने वाला आदिवासी किसान था। उस दिन भी वो अपने रोज का काम करते हुए भैंस ढूंढने गया था। बताया गया कि महेश 2023 से रसोइए का काम स्कूल में कर रहा था। लोगों ने महेश को ईमानदार और अच्छा काम करने वाला बताया है। महेश के सात बच्चे में सबसे बड़ा बच्चा 12 वर्ष के आस पास का है और सबसे छोटा 6 माह का है, प्रत्येक बच्चों में 2 साल, एक साल के आस पास का अंतर है, ऐसे में जिसके 7 बच्चे है, उसको एक लाख का इनामी माओवादी बताना समझ से परे है।

**1 करोड़ का मुआवजा दिया जाए :** आप नेता ने कहा ईरपागुट्टा मामले में न्यायिक जांच आयोग का गठन की जाए, ताकि निष्पक्ष जांच कार्रवाई हो सके। मृतक महेश के समस्त बच्चों की पढ़ाई और परवरिश की जिम्मेदारी सरकार ले और महेश की पत्नी को सरकारी नौकरी दी जाए।

**कलेक्टर, एसपी को दिया ज्ञापन :** इरपागुट्टा मामले में जांच दल की तरफ से पुलिस अधीक्षक और कलेक्टर को आईजी के नाम से ज्ञापन दिया गया। जांच दल में अध्यक्ष प्रियंका शुक्ला ,बल्लू भवानी ,समीर खान , मिथिलेश बघेल ,नरेंद्र नाग , अनिल दुर्गम , सतीश मंडावी , राकेश कश्यप तथा संदीप गोटा शामिल थे।

### सेवानिवृत एसआई...

उज्जवल भविष्य एवं उत्तम स्वास्थ्य की शुभकामना प्रेषित की गई। एएसपी नाग ने बताया कि श्रीमती नीलमणी मिंज आरक्षक के पद पर भर्ती होकर समय समय पर पदोन्नत हुई तथा वर्तमान में उप निरीक्षक पद कार्यरत थी। इनके पूरे सेवाकाल के दौरान पुलिस विभाग के द्वारा समय समय पर इन्हें पुरुस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में एएसपी द्वारा शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सेवानिवृत होने सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एएसपी के अलावा रक्षित निरीक्षक अभिजीत भदौरिया समेत जिले के अधिकारी व कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद थे।

## 190 वोट लेकर मोहम्मद इमरान खान निर्वाचित, हाजी मोहम्मद जावेद को मिले 84 वोट

# मुस्लिम समाज के चुनाव में इमरान खान सदर निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

मुस्लिम समाज नारायणपुर में रविवार को हुए चुनाव में मोहम्मद इमरान खान ने भारी बहुमत से जीत दर्ज करते हुए सदर (अध्यक्ष) पद पर कब्जा जमाया। मुस्लिम समाज के 315 पंजीकृत मतदाताओं में से 277 लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जिसमें से 3 वोट अमान्य घोषित किए गए। कुल मतदान प्रतिशत 87.93% रहा। जिसमें जो यह दर्शाता है कि समाज ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया में पूरी भागीदारी दिखाई।

- सेक्रेटरी पद पर फैज़ अख्तर की भी शानदार जीत, समाजजनों ने दी बधाई

सदर पद के लिए दो उम्मीदवार मैदान में थे जिसमें वरिष्ठ पत्रकार मोहम्मद इमरान खान और हाजी मोहम्मद जावेद। चुनाव परिणाम में मोहम्मद इमरान खान को जबरदस्त बढ़त मिली और वे 190 मत प्राप्त करने में सफल हुए, जबकि मोहम्मद जावेद को 84 वोट ही मिले। इस प्रकार इमरान खान ने 106 वोटों के बड़े अंतर से जीत हासिल कर समाज का विश्वास जितने में सफल हो गए। सदर पद के उम्मीदवार मोहम्मद इमरान खान को 274 वैध मतों में से 69.34% मत मिले, जो भारी समर्थन को दर्शाता है।




**सेक्रेटरी पद पर फैज़ अख्तर की जीत :** सेक्रेटरी पद के लिए हुए मुकाबले में फैज़ अख्तर और आसिफ इकबाल आमने-सामने थे।फैज़ अख्तर को 151 वोट प्राप्त हुए जबकि आसिफ इकबाल को 114 वोट मिले।12 मत अमान्य घोषित किए गए। सेक्रेटरी पद पर फैज़ अख्तर को कुल वैध 265 मतों में से 56.98% मत मिले। इस तरह फैज़ अख्तर भी अच्छे अंतर से विजयी रहे।

**सुबह साढ़े 7 बजे से शुरू हुई मतदान प्रक्रिया :** मतदान प्रक्रिया सुबह साढ़े 7 बजे शुरू हुई, जो दोपहर तक शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से चली। समाज के युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक ने पूरे उत्साह से मतदान में भाग लिया। मतदान के तुरंत बाद मतगणना की गई और दोपहर बाद परिणामों की औपचारिक घोषणा कर दी गई। इस चुनाव की निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने में चुनाव समिति ने सराहनीय भूमिका निभाई।चुनाव समिति में प्रमुख रूप सेःहाजी शरीफ साहब,यूसुफ़ खान,अब्दुल खालिक फारूकीफरीदी सर,मोहम्मद इकबाल भाई इन सभी अनुभवी और जिम्मेदार सदस्यों के निर्देशन में पूरे चुनाव को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराया गया। सभी प्रत्याशियों और मतदाताओं ने समिति के कामकाज की सराहना की।

**जीत पर मोहम्मद इमरान :** यह जीत केवल मेरी नहीं है, बल्कि पूरे समाज की जीत है। समाज ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, मैं उसे अपनी सेवा और ईमानदारी से पूरा करने की पूरी कोशिश करूंगा। हमारी प्राथमिकता समाज की एकता, शिक्षा, सेवा और विकास रहेगी।

**समाजजनों ने दी मुबारकबाद :** मोहम्मद इमरान खान की जीत पर समाज के सभी वर्गों से उन्हें बधाई दी गई।फूल-मालाओं और मिठाइयों के साथ समर्थकों ने उन्हें बधाई दी और गले मिलकर जीत की खुशी साझा की।सेक्रेटरी पद पर जीत दर्ज करने वाले फैज़ अख्तर को भी लोगों ने बधाई दी और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।


समस्त चिकित्सकों को
राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
बंसल नर्सिंग होम
एंड टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर
अब माँ बनने में देर नहीं
नि:शुल्क परामर्श
मो. 9425258201
नि:संतान दंपत्तियों के लिए
बस्तर संभाग का सबसे
विश्वसनीय संस्था
उपलब्ध सुविधाएं
▪IUI▪IVF▪ICSI
▪लेप्रोस्कोपी▪हिस्ट्रोस्कोपी▪ब्लॉस्टोसिस्ट
▪फर्टिलिटी जांच▪डोनर सर्विसेज
▪नार्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी
परामर्श हेतु कौन दम्पत्ति संपर्क कर सकते है?
बंद ट्यूब (Falloplan Tubes), पुरूषों के वीर्य में शुक्राणुओं की मात्रा कम अथवा निल होना, शुक्राणु की गतिशीलता, गुणवत्ता में कमी एवं आकार में खराबी, अण्डों का न बनना अथवा समय पर न फूटना (PCOD), चॉकलेट सिस्ट (Emdometriosis),ओवरी सिस्ट (Ovarian Cyst), बच्चेदानी में गांठ (Fibroid), बच्चेदानी में दीवार (Septum), माहवारी बंद होना माहवारी का अनियमित होना, महिला नसबंदी, पुरूष नसबंदी, बार-बार गर्भपात होना (Miscarriage Clinic), पहले IVF का असफल होना , दो-तीन IUI असफल होना, सभी जाँच रिपोर्ट सामान्य होने पर भी संतान का न होना
डॉ. श्रीमती एस. बंसल
MBBS, MD (O/G), Director IVF Center
वरिष्ठ प्रसुति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ,
लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. ममता बंसल
डॉ. अल्पना बंसल
डॉ. प्रियंका बंसल
नि:संतानता को संकोच नहीं,सही जांच की है जरूरत
बस्तर संभाग का प्रथम सर्व सुविधा युक्त आईवीएफ,
फर्टिलिटी, टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर
बालाजी वार्ड, जगदलपुर (बस्तर)
फोन- 07782-224020, 9340001521


Happy Doctor's Day 2025
बंसल नर्सिंग होम फर्टिलिटी सोनोग्राफी एवं
एडवांस आई केयर सेन्टर
अति आधुनिक सर्व सुविधायुक्त नेत्र चिकित्सालय
लेजर एवं फेको
नेत्र चिकित्सालय
बालाजी वार्ड, जगदलपुर, बस्तर, छग.
फोन- 223589, 9425590111
सुविधाएं
फेको सर्जरी
मोतियाबिन्द की सर्वश्रेष्ठ विधि फेको है, फेको विधि में 2.8 मि.मि. के छोटे से चीरे द्वारा फोल्डेबल लैंस का प्रत्यारोपण कर तुंरत छुट्टी दी जाती है (इनमें भर्ती होने की आवश्यकता नहीं होती)
ग्रीन लेजर
डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, सिकलसेल के मरीजों को रेटीना में खून के धब्बों का विशेष इलाज (मरीजों को भर्ती होने की आवश्यकता नहीं होती है)
फ्लोरोसिन एंजियोग्राफी
डायबिटिक रेटिनोपेथी, मेक्यूलोपेथी व उम्र के कारण परदे की बिमारी की फोटोग्राफी की सुविधा
यॉग लेजर
कांच बिन्द एवं मोतियाबिन्द झिल्ली का विशेष इलाज
नेत्र परीक्षण
जापानी कम्प्यूटर द्वारा नेत्र परीक्षण व नम्बर जांच की सुविधा
कृत्रिम लैंस प्रत्यारोपण
मल्टीफोकल फोल्डेबल लैंस प्रत्यारोपण
साइनेप्टोफोर
तिरछापन व नेत्र पेशियों की कमजोरी का इलाज व एक्सरसाइज
सोनोग्राफी
बी. स्केन. कलर डापलर
कॉन्टेक्ट लैंस
सॉफ्ट एव रंगीन लैंस
डॉ. मनीष बंसल
M.S (Ophthalmology)
नेत्र रोग विशेषज्ञ फेको एवं लेजर सर्जन
रजि. नं.- CGMC 9715/2020
पूर्व असिस्टेन्ट प्रोफेसर शासकीय चिकित्सा
महाविद्यालय सह महारानी हॉस्पिटल
▪ अत्याधुनिक जापनी कम्प्यूटर NIDEK (आटोरिफ्रेक्टर) द्वारा आंखों की जांच एवं चश्में की जांच
▪ मोतियाबिंद का फेको पद्धति एवं फेको मशीन से बिना टाँका ऑपरेशन द्वारा लैंस प्रत्यारोपण (IOL)
▪ रैटिना (पर्द) की पूरी जांच एवं इलाज (90-D Slit Lamp Biomicros-copy. Indirect Ophtholmoscopy)
▪ Synaptophore द्वारा आँखों के भैगेपन (Squint) की जाँच एवं आँखो के विशेष व्यायाम
▪ Non Contact Tonometer द्वारा आँखों के दबाव की अत्याधुनिक जाँच (INTRAOCULAR PRESSURE)
▪ कालापानी (ग्लूकोमा) कीक जाँच, इलाज एवं ऑपरेशन
▪ कम्प्यूटराईज्ड ऑटोमेटिक पैरीमीटरी द्वारा आँखों की नस एवं दायरे (विजुअल फीड) की विस्तृत जाँच
▪ B-Scan (कलर डाफ्लर) A-Scan, केरोमीटर (Kerotometer) एवं कांटेक्ट लैस सुविधा
बंसल नर्सिंग होम थ्री-डी कलर सोनोग्राफी एवं टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर,
बालाजी वार्ड, जगदलपुर, फोन- 07782-224020/ 231882


MPM HOSPITAL
(Mar Paulinus Memorial Hospital)
Dear Doctors, MPM FAMILY salutes you for your selfless service, hardwork & care that you provide to bring happiness to the Patients. Good Doctors like you replace the fear of illness with trust and hope.
Happy Doctor's Day 2025
MPM HOSPITAL
24X7 Casualty
Facilites
▪ 24 Hours Pharmacy
▪ Ambulance Service
▪ Single Room AC/Non AC
▪ Angiography
▪ Angioplasty
▪ Ayushman Bharat
▪ C-Arm
▪ Dental Care
▪ Department ICU
▪ Dialysis
▪ Digital X-Ray
▪ Echo
▪ Fully Computerized Lab
▪ Vascular Surgery
▪ ECG
▪ Blood Centre
▪ Moderm Surgery
▪ ICU & NICU
▪ Physiotherapy
▪ Private Room AC/Non AC
▪ Ultra Sound

## खबर संक्षेप

### जल जीवन मिशन में गड़बड़ी को बताएंगे विधायक

**घाटलोहंगा।** बस्तर में जलजीवन मिशन की असफलता, भ्रष्टाचार और ग्रामीणों को हो रही परेशानी को लेकर बस्तर विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष एवं बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल पत्रकारों से 1 जुलाई को बस्तर विधायक निवास स्टेट बैंक चौक जगदलपुर में चर्चा करेंगे। पत्रवार्ता में बस्तर विकास से सम्बंधित अन्य विषयों पर भी संवाद होगा।


### जन-जागरूकता एवं संतृप्ति शिविर हुआ

**दंतेवाड़ा।** प्रधानमंत्री ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत 15 जून से 30 जून तक जिले के ग्राम पंचायत स्तर पर चलाए जा रहे जन-जागरूकता एवं संतृप्ति शिविरों की श्रृंखला में आज 30 जून को विकासखंड गीदम के ग्राम पंचायत बड़े तुमनार में शिविर संपन्न हुआ। इस विशेष शिविर का उद्देश्य ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों के पात्र हितग्राहियों को विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना था। शिविर के माध्यम से आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, वृद्धा एवं दिव्यांग पेंशन योजना तथा जनधन खाता बीमा योजना जैसे सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक चैतराम अटामी,जनपद सदस्य सुभद्रा क्षत्रिय, ग्राम पंचायत बड़े तुमनार एवं आसपास की पंचायतों के सरपंचगण, जनपद सदस्यगण, जनपद पंचायत गीदम के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बलराम ध्रुव, मंडल संयोजक रविन्द्र टिकम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। शिविर में ग्रामीणों की भारी उपस्थिति देखी गई। सैकड़ों की संख्या में हितग्राहियों ने विभिन्न योजनाओं के लिए आवेदन किया तथा मौके पर ही कई लाभ भी प्रदान किए गए। विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि हमारे आदिवासी अंचलों में जब तक अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं पहुँचता, तब तक विकास अधूरा है। धरती आबा उत्कर्ष योजना और प्रधानमंत्री ग्राम उत्कर्ष अभियान के माध्यम से हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि हर पात्र हितग्राही को उसका अधिकार मिले।

# दशापाल विद्युत सब स्टेशन के बाउंड्री निर्माण में बाधक बनी अनाधिकृत सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड

सब स्टेशन निर्माण का कार्य अटका, विद्युत विभाग ने जताई चिंता



■ जनहित के कार्य में अड़ंगेबाजी से ग्रामीण नाराज

विकासखंड बकावंड के ग्राम दशापाल में क्षेत्र की विद्युत समस्या के समाधान के लिए स्थापित किए गए 33/11 किलोवाट सब स्टेशन के बाउंड्री निर्माण कार्य में अनाधिकृत अतिक्रमण बाधा बन गया है। विद्युत विभाग ने इस संबंध में प्रशासन से दखल देने की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम दशापाल में कुल 2.360 हेक्टेयर भूमि विद्युत विभाग के सब स्टेशन निर्माण हेतु चिन्हांकित की गई थी, जिसमें से 0.400 हेक्टेयर क्षेत्र राजस्व वन भूमि (छोटे झाड़ के जंगल) के रूप में भी शामिल है। इस भूमि का आवंटन पत्र 27 दिसंबर 2022 को ही विद्युत विभाग को सौंप दिया गया था। विभाग द्वारा यहां 33/11 केवी क्षमता वाला आधुनिक सब स्टेशन स्थापित कर लिया गया है। हालांकि अब जबकि बाउंड्रीवॉल का निर्माण शेष है।

एक व्यक्ति द्वारा सब स्टेशन से लगे क्षेत्र में बिना अनुमति के सड़क निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। इस वजह से विभाग को सब स्टेशन की सुरक्षा और सीमांकन कार्य में गंभीर अड़चनें आ रही हैं। विद्युत विभाग का कहना है कि यह सब स्टेशन ग्रामीण अंचल के सैकड़ों परिवारों को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बनाया गया है और इसमें किसी भी प्रकार की बाधा जनहित के खिलाफ है। विभागीय अधिकारियों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि अनाधिकृत निर्माण को तत्काल रोका जाए और विद्युत अधोसंरचना की सुरक्षा हेतु बाउंड्री निर्माण में सहयोग प्रदान किया जाए।

स्थानीय ग्रामीणों ने भी मांग की है कि इस परियोजना में किसी तरह की रुकावट न आने दी जाए, क्योंकि यह पूरे क्षेत्र की बिजली व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जनपद सदस्य अनिल बिसाई से चर्चा करने पर उन्होंने कहा कि सब स्टेशन बना हुआ है यह तो मालूम है, लेकिन कौन रोड बना रहा है इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है।

## नगरनार थाना क्षेत्र के कुटपदर मुख्यमार्ग की घटना

# हाईवे पर तेज रफ्तार कार व बाइक में टक्कर, तीन गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





सोमवार सुबह तेज रफ्तार कार व बाईक के बीच हुई जबरदस्त टक्कर में बाईक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल महारानी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया जहां उनका उपचार जारी है।

जानकारी के मुताबिक नगरनार थाना क्षेत्र के चिलकुटी निवासी दो युवक अपने साथी को लेने धनपुंजी बाईक से गए हुए थे जहां से तीनों वापस चिलकुटी लौट रहे थे इसी दौरान जगदलपुर से

■ घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज किया गया रेफर

नगरनार की ओर जा रही कार के चालक द्वारा तेज रफ्तार व लापरवाहीपूर्वक कार चलाते हुए बाईक को टक्कर मार दी गई। इस हादसे में बाईक सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

नगरनार टीआई संतोष सिंह ने बताया कि हादसा कूटपदर मुख्यमार्ग में तब हुआ जब चिलकुटी निवासी तीन समीर गोयल, दीनानाथ व कमल धनपुंजी से चिलकुटी की ओर आ रहे थे इसी दौरान जगदलपुर से नगरनार की ओर जा रही कार क्रमांक सीजी 04 पीजी 6085 के चालक हिमांशु जायसवाल द्वारा तेज रफ्तार व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाईक को टक्कर मार दी। घटना के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची नगरनार पुलिस द्वारा घायलों को महारानी अस्पताल भेजा गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर उपचार के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

# योजनाओं का लाभ पाने ग्रामीणों ने किया आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



प्रधानमंत्री ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत 15 जून से 30 जून तक जिले के ग्राम पंचायत स्तर पर चलाए जा रहे जन-जागरूकता एवं संतृप्ति शिविरों की श्रृंखला में 30 जून को विकासखंड गीदम के ग्राम पंचायत बड़े तुमनार में शिविर संपन्न हुआ।

इस विशेष शिविर का उद्देश्य ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों के पात्र हितग्राहियों को विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना था। शिविर के माध्यम से आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, वृद्धा एवं दिव्यांग पेंशन योजना तथा जनधन खाता बीमा योजना जैसे सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक चैतराम अटामी,जनपद सदस्य सुभद्रा क्षत्रिय, ग्राम पंचायत बड़े तुमनार एवं आसपास की पंचायतों के सरपंचगण, जनपद सदस्यगण, जनपद पंचायत गीदम के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बलराम ध्रुव, मंडल संयोजक रविन्द्र टिकम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। शिविर में ग्रामीणों की भारी उपस्थिति देखी गई। सैकड़ों की संख्या में हितग्राहियों ने विभिन्न योजनाओं के लिए आवेदन किया तथा मौके पर ही कई लाभ भी प्रदान किए गए। विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि हमारे आदिवासी अंचलों में जब तक अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं पहुँचता, तब तक विकास अधूरा है। धरती आबा उत्कर्ष योजना और प्रधानमंत्री ग्राम उत्कर्ष अभियान के माध्यम से हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि हर पात्र हितग्राही को उसका अधिकार मिले। चाहे वह आयुष्मान कार्ड हो या पीएम किसान योजना, अब हर जरूरतमंद को लाभ मिलना चाहिए। इस शिविर में पौधरोपण अभियान के तहत जन प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा पौधारोपण भी किया गया।

# मां दंतेश्वरी कॉरिडोर में आरसेटी बाजार का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



विगत दिवस मां दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण में आरसेटी बाजार का आयोजन किया गया था। जिसमें अगरबत्ती, धूप बत्ती, मच्छर अगरबत्ती, साबुन, हैंडवाश का प्रदर्शनी कर विक्रय किया गया। ज्ञात हो कि भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) दंतेवाड़ा द्वारा 12 दिवसीय घरेलू अगरबत्ती निर्माण का प्रशिक्षण दिया जा रहा था। जिसमें जिले के विभिन्न ग्राम के महिलाओं ने इस प्रशिक्षण का लाभ उठाया। प्रशिक्षण के दौरान कई प्रकार के सुगंधित अगरबत्ती, धूपबत्ती, मच्छर अगरबत्ती, एवं साबुन, वाशिंग पाउडर बनाने हेतु प्रशिक्षण प्रदाय किया। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं में आत्मनिर्भर एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए उत्साहित नजर आई। उक्त प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर पंकज कुमार साहू द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को अपने उत्पाद को विक्रय किये जाने, संस्थान के डायरेक्टर एमआर राजू ने महिलाओं को सफल उद्यमी बनने हेतु बैंकिंग सम्बंधित जानकारी, बैंक से लोन प्राप्त कर व्यवसाय को बढ़ाने के संबंध में जानकारी दिया।

# एनएमडीसी के भर्ती में स्थानीय मांग को लेकर हो रही हड़ताल हुई खत्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल



एनएमडीसी किरंदुल बचेली दोनों परियोजनाओं के प्रमुख अधिकारियों द्वारा प्रदर्शनकारियों को लिखित आश्वासन देने के बाद धरना स्थल पर डटे बेरोजगार प्रदर्शनकारी युवाओं ने एनएमडीसी का प्रवेश द्वार खोला। पिछले 4 दिनों से एनएमडीसी की खनन एवं परिवहन बंद रहने से एनएमडीसी को रोजाना करोड़ों रूपये की नुकशान हो रही थीं। लौह अयस्क परिवहन करने में लगी रेलगाड़ियों एवं ट्रकों की आवाजाही भी पूर्ण रूप से बंद थीं। वहीं एनएमडीसी में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारी सहित ठेका कर्मचारी एवं प्राइवेट कंपनियों में कार्यरत मजदूर भी प्रभावित हो रहे थे। बेरोजगार युवा हड़तालियों के साथ नेतृत्व करता क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में एनएमडीसी किरंदुल बचेली दोनों परियोजना प्रमुखों के बीच प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में लिखित आश्वासन के बाद ही यह अनिश्चित कालीन धरना को स्थगित किया गया।

# 15वें वार्षिकोत्सव पर साईं मंदिर में हुआ भंडारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





■ साई बाबा मंदिर रेलवे कालोनी का 15वां वार्षिक उत्सव संपन्न

श्रीश्री शिर्डी साई बाबा मंदिर रेलवे कालोनी का 15वां वार्षिक उत्सव सोमवार को मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सांई भक्त एवं श्रद्धालु भरी बरसात में मंदिर पहुंचे। महाभंडारे में प्रसाद वितरण किया। रायपुर से पहुंचे श्रद्धालु रविन्द्र नाथ बोस ने कहा की मंदिर स्थापना के बाद से लगातार 14 वर्षों से यहां धूमधाम से वार्षिकोत्सव मनाया जा रहा है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल भंडारे का आयोजन किया गया हालांकि सोमवार को सुबह से हुए मूसलाधार बारिश की वजह से भक्तों को मंदिर पहुंचने में थोड़ी दिक्कत हुई पर सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में प्रातः 6 बजे काकड़ आरती, महाभिषेक, पूजा हवन प्रश्चात मध्यान्ह आरती एवम तत्प्रश्चात भंडारा संपन्न हुआ।

# 36 विद्यार्थियों को तिलक लगाकर कराया शाला प्रवेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड

आज विकासखंड बस्तर अन्तर्गत माध्यमिक शाला कुड़कानार में राज्य शासन के निर्देशानुसार शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। सर्व प्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सामो कश्यप सरपंच ग्राम पंचायत कुड़कानार एवं उप सरपंच हेमनाथ पटेल के द्वारा माँ सरस्वती एवं छत्तीसगढ महतारी के पूजा अर्चना कर शाला प्रवेशोत्सव का शुभारंभ किया।

कक्षा 6वीं में प्रवेश लेने वाले 36 छात्र-छात्राओं का तिलक चंदन लगाकर स्वागत सत्कार कर निःशुल्क पाठ्य पुस्तक, शाला गणवेश प्रदान किया गया। इसके पश्चात बच्चों के शाला प्रवेश को यादगार बनाने के लिए सभी बच्चों के फिंगर प्रिंट लिये गये। इस दौरान कक्षा 6वीं के सभी नव प्रवेशित बच्चों को शाला परिवार के तरफ से न्यौता भोजन कराया गया । शाला के प्रधान अध्यापक धीरेन्द्र यादव ने छात्र-छात्राओं को प्रतिदिन शाला आने हेतू प्रेरित किया। पात्र बच्चों को जाति प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर सईदा खान संकुल प्राचार्या, आयतूराम पाढे संकुल शैक्षिक समन्वयक कुड़कानार, धीरेन्द्र यादव प्रधान अध्यापक माशा कुड़कानार शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दयाराम बघेल, भुवनेश्वर ठाकुर, धनसाय बघेल, ललिता कश्यप, पीलूराम कश्यप, खिरेन्द्र सेन शिक्षक-शिक्षिकाओं में नीरज कुमार कुन्जाम, फूल सिंह यादव, आभा प्रीति एक्का, सुश्री शिल्पा शार्वा, ममता ठाकुर उपस्थित थे।

# आश्रम छात्रावास में प्रवेश चयन समिति की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

नए शिक्षण सत्र प्रारम्भ होने के मद्दे नजर दरभा ब्लॉक के आश्रम छात्रावास चयन समिति का बैठक प्री मेट्रिक कन्या छात्रावास छिंदावाड़ा में सम्पन्न हुआ। जंहा 25 आश्रम छात्रावासों के लिए लगभग दो हजार बच्चों का चयन हुआ। अधीक्षक-अधिक्षिकाओं ने चयन समिति के समक्ष आश्रम छात्रावासों में चयन हेतु प्राप्त आवेदनों की सूची विवरण सहित प्रस्तुत किया। आवश्यक विचार विमर्श के पश्चात विभिन्न आश्रम छात्रावासों के लिए छात्र-छात्राओं का चयन सुनिश्चित किया गया। चयन का आधार अधीक्षक अधिक्षिकाओं द्वारा उपलब्ध करवाई गई। जानकारी के साथ-साथ चयन के मापदंडो को बनाया गया। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलदेव मंडावी, जनपद उपाध्यक्ष एवं विधायक जगदलपुर द्वारा नामंकित प्रतिनिधि हरिप्रसाद पीडी ने बैठक को सम्बोधित किया। अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा की बच्चों के प्रति स्नेह का भाव रखते हुए अपने कर्तव्यों का पालन करे। अपने घर परिवार एवं माता पिता से दूर बच्चे शिक्षा प्राप्ति के लिए आपके संरक्षण मे है। बच्चों के सर्वांगिन विकास का मार्ग प्रस्सत हो ऐसी भावनाओ के साथ कार्य करना सुनिश्चित करे। चयन समिति की बैठक में अध्यक्ष एसडीएम चित्रकोट विधायक विनायक गोयल द्वारा नामंकित सदस्य अनंत कश्यप जगदलपुर विधायक द्वारा नामंकित सदस्य हरिप्रसाद पीडी शिक्षा समिति सदस्य गागरा राम नाग, जयमनी मौर्य, जनपद अध्यक्ष मानकदई कश्यप और 25 आश्रम छात्रावासों के अधीक्षक अधिक्षिकाये शामिल थे।

# शाला प्रवेशोत्सव में कंपास, कॉपी, पेन देकर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा



बरसात के बावजूद शाला प्रवेश उत्सव संकुल केंद्र घाटलोहंगा में सम्पन्न हुआ। कक्षा पहली एवं छठवीं के बच्चों को तिलक लगाकर गणवेश एवं पाठ्यपुस्तक जनप्रतिनिधियों के हाथों से वितरण कर स्वागत किया। शिक्षा सत्र 2024-25 के अच्छे अंक अर्जित किए बच्चों को एवं अच्छा वार्षिक उपस्थिति का शाला परिवार की ओर से कंपास, कॉपी, पेन देकर पुरष्कृत किया गया। मुख्य तिथि एवं विशेष अतिथि ने बच्चों को शाला में नियमित शाला भेजने, शाला परिसर की सम्पूर्ण साफ सफाई, मध्यान्ह भोजन में गुणवत्ता और कक्षा के अनुसार सभी बच्चों को बेहतर शिक्षा गुणवत्ता बनाने पर प्रकाश डाला। शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गजेंद्र सिंह ठाकुर, जनपद सदस्य एवं विशेष अतिथि दीया भद्रे सरपंच घाटलोहंगा, मिडिया प्रभारी तुलसी राम ठाकुर, संकुल के प्रभारी प्राचार्य जीवन पानीग्राही, प्रधान पाठक दर्शना जैन, सीएसी आयतु राम पाढ़े, रोमांचल पाण्डेय पालक एवं समस्त संकुल के शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही।

# अप्रवेशी और शाला त्यागी बच्चों को शिक्षा के लिए करें प्ररित : बुधराम




हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

दरभा विकासखण्ड की संकुल केंद्र छिंदबहार एवं ककनार के विभिन्न स्कूलों के सेड़वा, चालक्रीगुड़ा तथा पनारागुड़ा आदि पाराओं में जाकर संकुल प्राचार्य बुधराम कश्यप के नेतृत्व व मार्गदर्शन में कक्षा 1ली से 12वीं तक के अप्रवेशी, शाला त्यागी, अनुपस्थित, अनियमित छात्र-छात्राओं के पालकों से संपर्क किया गया। बच्चों व पालकों को शिक्षा के महत्व का अहसास दिलाकर कड़ी मेहनत कर सफलता हासिल कर, आगे बढ़ने के लिए नियमित स्कूल आने व स्कूल भेजने के लिए प्रेरित करते हुए प्राचार्य बुधराम कश्यप ने कहा कि शिक्षा ही सर्वोपरि है।

शिक्षा के बिना सब अधूरा है। पालक संपर्क के दौरान गाँव में देखा गया कि बहुत से बच्चे ग्रीष्मकालीन अवकाश में गांव से बाहर काम के लिए गए हुए हैं। बहुत से बच्चे ऑटो में बैठकर काम करने जाते हुए दिखाई पड़े। कुछ लोगों को रास्ते में रोका गया और श्री कश्यप एवं शिक्षकों के द्वारा छात्र छात्राओं को रोककर समझाते हुए कहा कि अभी आपका उम्र पढ़ने लिखने का है। साथ ही शिक्षा के महत्व को उदाहरण देकर समझाए जाने पर बहुत से पालक एवं बच्चे शाला आने के लिए सहमति दी गई है। साथ ही बच्चों एवं पालकों से हताक्षर भी कराया गया।

इस पालक अभिभावक संपर्क अभियान के दौरान ग्राम पंचायत कोयनार के सरपंच लैखन बघेल,संकुल प्राचार्य बुधराम कश्यप, संकुल समन्वयक उग्रसेन यादव, व्याख्याता लुदरसन कश्यप, तुलादास मानिकपुरी, प्रमोद कुमार मरावी, प्रधान अध्यापक बजरुराम नेताम, रोशन झा रामनाथ कश्यप, पवन कुमार ध्रुव,दुर्गाचरण यादव, पुष्पल दत्ता, श्रीधर सेठिया, राजकुमार वैभव, लखेश्वर नाग, गुप्तेश्वर पाण्डे,नोहर सिंह सलाम शाला प्रबंधन समिति सदस्य, शिक्षक- शिक्षिकाएं, पालक व ग्रामीणजन आदि सम्मिलित रहे।


Thank you for spreading smiles
Happy Doctor's Day
दुर्गा पॉलिक्लीनिक/दुर्गा मेडिकोज
चांदनी चौक, एसबीआई रोड, जगदलपुर, मो. 9406334545, 7693023045, 6265669854
विशाखापटनम्/ओड़िसा के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ
जगदलपुर के अनुभवी चिकित्सकों का परामर्श
आज ही पंजीयन करवाएं
डॉ. आदित्य कौशिक
MBBS, DNB(Goldmedalist)
हड्डीरोग विशेषज्ञ
डॉ. वनजा ठाकुर
(MBBS, MD INTERNAL MEDICINE)
डॉ. डी. आर. मंडावी
MBBS, MD PAEDIATRICS
शिशुरोग विशेषज्ञ
डॉ. रूखसार खान
(MBBS, D.G.M.H. NIMHANS)
(मानसिक रोग विशेषज्ञ)
Neurosurgeon
KORAPUT (O.R.)
Dr. P.K.SWARNAKAR
MBBS, MS, MCH
प्रत्येक प्रथम एवं तृतीय रविवार
(11 am to 04 pm)
Orthopedic
VISAKHAPATNAM (A.P.)
Dr. N.V.S. VINAY
MBBS, MS(ORTHO)
प्रत्येक चतुर्थ रविवार
(11 am to 07 pm)
Dermatologist
VISAKHAPATNAM (A.P.)
Dr. K.SOUJANYA
SKIN & Venereology Specialist
प्रत्येक चतुर्थ रविवार
(11 am to 07 pm)
Gastroenterologist
VISAKHAPATNAM (A.P.)
Dr. B.B. DAS
MBBS, MS, MCH
प्रत्येक माह अंतिम मंगलवार
(11 am to 04 pm)
Gastroenterologist
VISAKHAPATNAM (A.P.)
Dr. DURGA BHAWANI
MS (GENERAL SURGERY)
अंतिम मंगलवार
(10 am to 05 pm)
Endocrinologist
VISAKHAPATNAM (A.P.)
Dr. GOUTAM VALAPALA
MBBS, MD (General Med.)
PG Dip (diab & endo)
प्रत्येक द्वितीय रविवार
(10 am to 07 pm)
ENT
VISAKHAPATNAM (A.P.)
Dr. DILIP DUNGLA
MS MCH (PGIMER), MCH (AIIMS) ENT & Head-Neck
प्रत्येक द्वितीय रविवार
(03pm to 06 pm)
Gynaecologist
VISAKHAPATNAM (A.P.)
Dr. PRATYUSHA I.S.
MBBS, MS OBG, FMIS, DMAS (consultant Gync.)
प्रत्येक द्वितीय शनिवार
(03pm to 06 pm)
Urologist
VISAKHAPATNAM (A.P.)
Dr. GOUTAM KRISHNA
MS (GENERAL SURGERY)
MCH Urology
प्रत्येक प्रथम शनिवार
(03 pm to 06 pm)


जीवेत शरदः शतम्
सदैव जनसेवा के लिए समर्पित
बस्तर माटी पुत्र एवं चित्रकोट विधानसभा
के सम्माननीय विधायक
माननीय
श्री विनायक गोयल जी
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
हरिप्रसाद पी.डी.
जनपद उपाध्यक्ष दरभा
संतोष बघेल
जिला उपाध्यक्ष भाजपा
मुन्नू सिंह
दरभा


Health Partner
डॉ. संजय बसाक
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी)
निःस्वार्थ भाव एवं पूर्ण निष्ठा से
मानवता की सेवा में समर्पित
समस्त चिकित्सकों को
राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
Happy Doctor's Day
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, बस्तर जिला
डॉ. संजय बसाक जी
को महामहिम राज्यपाल छत्तीसगढ़ शासन
के हाथों उत्कृष्ट चिकित्सा सेवा के लिए
सम्मानित किए जाने पर
हार्दिक बधाई... शुभकामनाएं
एक शुभचिंतक स्वास्थ्य विभाग


ULTRASOUND
Clinic
Happy Doctor's Day 2025
Appointment Time- 12.00 Noon
यहां पर भ्रूण का लिंग (लड़का/लड़की) परीक्षण नहीं किया जाता है
समय परिवर्तन- सोमवार से शनिवार- दोपहर 01 से 04 बजे
दीप श्री सोनोग्राफी सेन्टर
प्रतापगंजपारा, जगदलपुर, मोबा- 94252 65194


आंखें अनमोल है इनकी
जांच नियमित करायें
समस्त चिकित्सकों को डॉक्टर्स डे की हार्दिक शुभकामनाएं
बस्तर संभाग का प्रथम सुपरस्पेशिलिटी आई हॉस्पिटल
जे.के. नेत्र चिकित्सालय एवं रेटिना केयर
गीदम रोड, जगदलपुर, मोबाइलः 8305428763, 8770592916
अब तक 50 हजार से अधिक स्कूली बच्चों का निःशुल्क नेत्र जांच
चश्में से आजादी
छत्तीसगढ़ की सर्वश्रेष्ठ
लेसिक मशीन
From BLUR VISION To Clear VISION in 15 MINUTES
डॉ. अक्षय डी. पाराशर
नेत्र विशेषज्ञ
एम.बी.बी.एस., एम.एस., एफ.एम.आर.,एफ.आई.पी.एस.(पूणे)
फेको सर्जन एवं रेटिना विशेषज्ञ
• मोतियाबिंद (Cataract) ऑपरेशन (Phaco) मशीन द्वारा
• लेजर (Laser Green and YAG) द्वारा इलाज
• आँखों की CT Scan & B-Scan
• आँखों की चोट (Trauma) सर्जरी
क्या आप आँखों की निम्न समस्याओं से पीडित है ?
● आँखों से धुंधला दिखाई देना
● काले धब्बे नजर आना
● शुगर/बी.पी. की वजह से आँख की समस्या
● आँखों में तथा सर दर्द होना
● आँखें लाल होना तथा पानी आना
● बल्ब के चारों ओर लाइट का घेरा दिखाई देना
तो आज ही मिलें
हैदराबाद व चेन्नई जैसी आँखों की जांच व उपचार अब जगदलपुर में उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### पेंशनर्स महासंघ का अधिवेशन 3 अगस्त को



**जगदलपुर।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ का प्रांतीय अधिवेशन आगामी तीन अगस्त को रायपुर में जे एन पांडे उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सभागार में आयोजित किया जावेगा। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ का प्रतिनिधि मंडल विगत दिनों प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र नामदेव के नेतृत्व में छत्तीस गढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा से भेंट कर अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होने का आग्रह किया। मंत्री ने संगठन द्वारा किए गए आग्रह पर अपनी सहमति जताई। प्रतिनिधि मंडल के रूप में मिलने वालों में प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र नामदेव,जेपी मिश्रा,आरएन ताटी,बीके वर्मा एवं अनिल पाठक शामिल थे। उक्त जानकारी बस्तर संभाग के संभागीय अध्यक्ष राम नारायण ताटी ने दी है।

### व्यापमं की भर्ती परीक्षा 13 जुलाई को

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत उप अभियंता सिविल एवं उप अभियंता विद्युत यांत्रिकी भर्ती परीक्षा का आयोजन 13 जुलाई को पूर्वान्ह 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक शासकीय काकतीय पीजी कॉलेज धरमपुरा नम्बर 2, शासकीय दन्तेश्वरी पीजी महिला कॉलेज शांति नगर तथा शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज धरमपुरा नम्बर 3 में किया जाएगा। उपरोक्त परीक्षा में समस्त परीक्षार्थियों को वर्तमान वर्ष का प्रवेश पत्र लेकर आना अनिवार्य है। परीक्षा के सफल संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर मायानन्द चन्द्रा को नोडल अधिकारी तथा प्राचार्य डॉ. अनिल श्रीवास्तव को समन्वयक नियुक्त किया गया है। वहीं सहायक प्राध्यापक डॉ. अजय सिंह ठाकुर को सहायक समन्वयक का दायित्व सौंपा गया है।

### दावा-आपत्ति निराकरण सूची जारी

**जगदलपुर।** बस्तर जिले में संचालित स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जगदलपुर एवं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बस्तर, तोकापाल, दरभा, करपावण्ड, किलेपाल, लोहण्डीगुड़ा, धरमपुरा, नानगुर, बकावण्ड, भानपुरी, माड़पाल, बास्तानार, करीतगांव, बड़ेचकवा, अलनार, करंजी एवं मांझीगुड़ा चिंगपाल के लिए शिक्षकीय एवं गैर शिक्षकीय रिक्त एवं बैकलाग पदों पर संविदा नियुक्ति किये जाने हेतु कलेक्टर के द्वारा 28 मार्च को आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे। कलेक्टर एवं अध्यक्ष उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय संचालन प्रबंधन समिति जिला-बस्तर जगदलपुर की 7 अप्रैल को सेजेस किलेपाल विकासखण्ड बास्तानार हेतु विज्ञापित संविदा प्रयोगशाला सहायक के एक पद (अनारक्षित) एवं दो पद (अजजा) इस प्रकार कुल 3 रिक्त पदों को विलोपित किया गया था। जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल ने इस सम्बंध में बताया कि उक्त निर्धारित तिथि एवं समय तक अभ्यर्थियों द्वारा प्राप्त दावा-आपत्तियों का समिति द्वारा निराकरण किए जाने के उपरांत दावा-आपत्ति निराकरण सूची जारी किया गया है, जिसे बस्तर जिले की अधिकारिक वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

# पीएम सूर्यघर बिजली योजना से उपभोक्ताओं को दोहरा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सौर ऊर्जा से किफायती बिजली पैदा कर घरों को रोशन करने और बिजली बिल में बड़ी राहत के उद्देश्य से पीएम सूर्यघर बिजली योजना में मिल रही भारी सब्सिडी से अब सोलर सिस्टम की लागत काफी कम हो गई है। पीएम सूर्यघर बिजली योजना के लिए केंद्र सरकार द्वारा दी जा रही सब्सिडी के साथ अब राज्य सरकार ने भी सब्सिडी दिए जाने का ऐलान कर दिया है। केंद्र सरकार द्वारा 78 हजार रुपए तक की सब्सिडी दी जा रही है। वहीं राज्य सरकार ने भी 30 हजार रुपए तक सब्सिडी प्रदान करने की घोषणा की है। इससे उपभोक्ताओं को दोहरा लाभ हो रहा है। एक ओर जहां बिजली बिल में राहत मिल रही है, वहीं सब्सिडी से सोलर सिस्टम लगाने की लागत भी काफी कम आ रही है।

धरमपुरा के रहने वाले गुणवती वर्मा ने अपने घर की छत पर पीएम सूर्यघर बिजली योजना से सोलर सिस्टम लगवाया है। उनके बेटे धीरज वर्मा ने बताया कि पहले उनका औसतन हर माह 1200 से 1500 रुपए तक बिजली बिल आता था। हर महीने इतना बिल परेशानी का कारण था। लेकिन जब से सोलर सिस्टम लगवाया है बिल काफी घट गया है। बीते महीने तो माइनस 1700 रुपए ही बिल आया है। मतलब सोलर प्लेट से पैदा बिजली से घर का काम भी चल गया और बची बिजली विद्युत विभाग के ग्रिड में ट्रांसफर करने से बिल में भी छूट मिली। उन्होंने कहा कि यह बहुत अच्छी योजना है। यह न केवल उपभोक्ताओं को आर्थिक रूप से राहत देती है बल्कि एक स्वच्छ और ऊर्जा का एक स्थायी विकल्प है। यह पर्यावरण के लिहाज से भी अत्यंत प्रभावी पहल है। उन्होंने अन्य लोगों को भी इस योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि यह भविष्य के ऊर्जा जरूरत को पूरा करने के लिए एक अच्छा विकल्प है।

### सौर ऊर्जा से बिजली बिल पर मिली बड़ी राहत



#### केंद्र व राज्य शासन की सब्सिडी से लागत में कमी

प्रधानमंत्री सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना में केंद्र सरकार की ओर से सब्सिडी दी जाती है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा भी हितग्राहियों को 30 हजार रूपए तक की सब्सिडी दिए जाने का प्रावधान किया गया है। जिससे सोलर सिस्टम लगाने की लागत काफी कम हो गई है। इसमें एक किलो वाट सयंत्र लगाने की लागत करीब 60 हजार रूपये आती है, इस पर केंद्र से 30 हजार और राज्य से 15 हजार रूपए सहित कुल 45 हजार रूपये सब्सिडी मिलती है, उपभोक्ता पर सिर्फ 15 हजार रुपए का व्यय भार आता है। इसी प्रकार दो किलो वाट सयंत्र पर एक लाख 20 हजार रुपए की लागत पर केंद्र से 60 हजार रूपए और राज्य से 30 हजार रूपए कुल 90 हजार रुपए सब्सिडी उपभोक्ता को प्राप्त होती है। उपभोक्ता को स्वयं से सिर्फ 30 हजार रुपए देने पड़ेंगे, जो कि वास्तविक लागत का सिर्फ 25 प्रतिशत है। वहीं तीन किलो वाट सयंत्र पर करीब दो लाख रुपए लागत के विरुद्ध केंद्र से 78 हजार रुपए और राज्य से 30 हजार रुपए कुल एक लाख 8 हजार रुपए की सब्सिडी दी जा रही है, इसमें लगभग 80 हजार रुपए ही उपभोक्ता को देने होंगे।

### सिविक प्रोग्राम : ग्रामीणों को शासन की योजनाओं की दी गई जानकारी

# नक्सलगढ़ के भटके हुए युवाओं से मुख्यधारा में लौटने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- माटवाड़ा, केशकुतुल, भैरमगढ़, पेडाकोडेपाल में सीआरपीएफ का स्पेशल सिविक एक्शन कार्यक्रम

बीजापुर जिले के दुगोली स्थित 214 बटालियन सीआरपीएफ द्वारा स्पेशल सिविक एक्शन कार्यक्रम आयोजित कर नक्सल प्रभावित इलाके के भटके हुए युवाओं से मुख्यधारा में लौटने की अपील की गई। बटालियन कमाण्डेंट केडी जोशी द्वारा ग्रामीणों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए इसका लाभ लेने कहा गया।



गौरतलब है कि बीजापुर जिले के नक्सल प्रभावित केशकुतुल, भैरमगढ़, पेडाकोडेपाल व माटवाडा में सीआरपीएफ के ए, बी, डी व एफ 214 वीं बटालियन द्वारा कमाण्डेन्ट केडी जोशी के मार्गदर्शन में जनकल्याणकारी स्पेशल सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में कमाण्डेन्ट ने ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और ग्रामीणों से अपील किया गया कि सभी ग्रामवासी भविष्य में सभी कार्यक्रमों में हिस्सा लें और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठायें। वहीं इलाके के भटके हुए युवाओं से समर्पण कर मुख्यधारा में लौटकर बस्तर समेत प्रदेश व देश के विकास में भागीदारी निभाने की अपील की गई। इस अवसर पर कमाण्डेंट केडी जोशी के अलावा विवेक कुमार द्वितीय कमान अधिकारी, सहायक कमाण्डेंट केके दुबे, मंगला प्रसाद, अखण्ड प्रताप सिंह, प्रहलाद कुमार रजक व क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, स्कूलों के अध्यापक, छात्र छात्राएं व स्थानीय ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद थे।

#### ग्रामीणों में जरूरत का सामान वितरण

स्पेशल सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत गरीब व जरूरतमंद ग्रामीणों को जरूरत के सामान व एफएम रेडियो सेट वितरित किया गया। ग्रामीणों से कहा गया कि रेडियो से वे समय-समय पर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एवं मनोरंजन से संबंधित कार्यक्रम को सुन सकते हैं। स्पेशल सिविक एक्शन कार्यक्रम में शामिल ग्रामीणों ने सीआरपीएफ के प्रति आभार व्यक्त किया तथा इस तरह के कार्यक्रम पुनः आयोजित करने कहा।

## विधायक ने अंतुराम के परिजन से मिलकर उन्हें याद किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

विधायक लखेश्वर बघेल ने नगर पंचायत बस्तर में पूर्व विधायक स्व. अंतुराम कश्यप के निवास में शोक कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने उनके राजनीतिक एवं सामाजिक योगदान का स्मरण कर पौधारोपण किया। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं स्व. अंतुराम कश्यप के परिजनों से मुलाकात की।

### अधिकारियों और कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ की षष्ठम विधानसभा का षष्ठम सत्र दिनांक 14 जुलाई से 18 जुलाई तक आयोजित किया जाएगा। इस दौरान निर्धारित प्रश्नोत्तर काल के लिए प्राप्त विधानसभा प्रश्नों के उत्तर निर्धारित समयावधि में शासन को प्रेषित करने संबंधी कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता में किया जाएगा। जिले के समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों को कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने निर्देशित किया है कि वे सक्षम अधिकारी की पूर्व स्वीकृति प्राप्त किये बिना अवकाश पर प्रस्थान नही करेंगे। इसके अतिरिक्त आकस्मिक स्थिति में बुलाये जाने पर कार्यालयीन अवधि के पश्चात एवं अवकाश के दिनों में भी कार्यालय में उपस्थित रहेंगे।

## आवास शीघ्र पूर्ण कर हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने पर जोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

- सीईओ जैन ने योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक ली

जिला पंचायत के सभाकक्ष में सोमवार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नम्रता जैन की ने समीक्षा बैठक ली। बैठक में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा), प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) सहित अन्य योजनाओं के अंतर्गत निर्माण कार्यों और प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। साथ ही अन्य मदों से स्वीकृत निर्माण कार्यों की गति बढ़ाने और फील्ड निरीक्षण में सक्रियता बढ़ाने के निर्देश दिए गए।

सीईओ ने मनरेगा के तहत संचालित निर्माण कार्यों एवं नगद भुगतान की स्थिति की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने और मजदूरी भुगतान में किसी भी प्रकार की देरी न हो, इसके निर्देश दिए। साथ ही अन्य मदों से स्वीकृत निर्माण कार्यों की भी प्रगति का समीक्षा की।

उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत लंबित और स्वीकृत आवासों की प्रगति की जानकारी लेते हुए उन्होंने लाभार्थियों को शीघ्र आवास पूर्ण कर हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने पर जोर दिया। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत व्यक्तिगत शौचालय निर्माण और समुदायिक सफाई व्यवस्था की समीक्षा करते हुए लक्ष्य अनुरूप पूर्णता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सुकमा, कोन्टा एवं छिन्दगढ़, अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग सुकमा, कार्यक्रम अधिकारी (मनरेगा) जनपद पंचायत, उप अभियंता एवं तकनीकी सहायक (मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण) और विकासखंड समन्वयक (प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण) उपस्थित थे।

## विश्वास, विकास और सहयोग की मिसाल बना धरती आबा अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

- गादीरास में 12 पंचायतों के ग्रामीण धरती आबा कार्यक्रम से हुए लाभान्वित



जिले में आदिवासी जनजीवन को सशक्त करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान' की शुरुआत गई है। इस अभियान का उद्देश्य जनजातीय समुदायों और दूरस्थ क्षेत्रों तक शासन की मूलभूत योजनाओं और सेवाओं को सीधे पहुंचाना है।

अभियान के तहत सुकमा, छिंदगढ़ और कोंटा विकासखंड के गांवों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जहां 17 विभागों की लगभग 25 योजनाओं के माध्यम से लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है। सोमवार को गादीरास पंचायत में धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत शिविर का आयोजन किया गया जिसमे आसपास के 12 पंचायतों के ग्रामीण उपस्थित हुए। इनमें जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, स्वास्थ्य परीक्षण और शिक्षा संबंधी सहायता प्रमुख रूप से शामिल हैं। जिला पंचायत सदस्य गीता कवासी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि धरती आबा अभियान न सिर्फ शासकीय योजनाओं को जमीन तक पहुंचा रहा है, बल्कि विश्वास, विकास और सहयोग की भावना को भी सुदृढ़ कर रहा है। यह पहल जिले को जनसरोकारों की दिशा में एक नई पहचान दे रही है। उनके साथ गादीरास सरपंच इंगा ओयामी, बोड़को सरपंच मुचाकी मल्ला भी उपस्थित थे।



#### हितग्राहियों में उत्साह और विश्वास की लहर

धरती आबा अभियान के क्रियान्वयन से कई आदिवासी परिवारों को प्रत्यक्ष लाभ मिलने लगा है, जिससे समुदाय में आशा और विश्वास का संचार हुआ है। शिविरों में लोगों की सक्रिय भागीदारी और सकारात्मक प्रतिक्रिया प्रशासन के प्रयासों को बल दे रही है।

#### कलेक्टर कर रहे निगरानी

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव स्वयं शिविरों की सतत मॉनिटरिंग कर रहे हैं और अधिकारियों से प्रत्यक्ष संवाद के माध्यम से अभियान की प्रगति की समीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि छत्तीसगढ़ शासन के मंशानुसार समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक शासकीय योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के पहुँचे। धरती आबा अभियान इसी सोच का सशक्त माध्यम है। उन्होंने यह भी बताया कि भारत सरकार के निर्देश और राज्य शासन के मार्गदर्शन में यह अभियान सामाजिक समावेशन और विकास को साकार कर रहा है।

# सेवानिवृत्त हुए 25 शासकीय सेवकों को कलेक्टर ने प्रदान किया पेंशन पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कलेक्टोरेट के आस्था कक्ष में सोमवार को आयोजित समारोह के अवसर पर जून माह में सेवानिवृत्त हुए 25 शासकीय सेवकों को कलेक्टर हरिस एस ने पुष्पगुच्छ भेंट करने सहित शॉल-श्रीफल देकर सम्मानित किया और पेंशन प्राधिकार पत्र प्रदान किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि शासन की पहल से प्रत्येक माह सेवानिवृत्त हो रहे जिले के शासकीय सेवकों को उनकी शासकीय सेवा काल के अंतिम कार्य दिवस के समय पर ही पीपीओ जारी करने का सार्थक प्रयास लगातार किया जा रहा है।



साथ ही सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को तत्काल जीपीएफ प्राधिकार पत्र भी प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पेंशन के लिए किसी प्रकार की दिक्कत होने पर कार्यालय में आकर संपर्क कर सकते हैं। पेंशन और अन्य स्वत्वों के भुगतान का समय पर निराकरण के लिए कोषालय और कोष-लेखा एवं पेंशन कार्यालय द्वारा कार्य करने के लिए सराहना की।

इस अवसर पर वरिष्ठ कोषालय अधिकारी संजय सोनवानी ने बताया कि जून माह में सेवानिवृत्त 25 शासकीय सेवकों को पेंशन प्राधिकार पत्र जारी की गई है। वहीं 9 सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को जीपीएफ प्राधिकार पत्र प्रदान किया गया है। इस अवसर पर सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों ने भी अपने अनुभव को साझा कर शासन-प्रशासन के द्वारा सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों के लिए सम्मान कार्यक्रम आयोजन को सराहनीय पहल निरूपित करते हुए आभार व्यक्त किए। कार्यक्रम में कोष-लेखा एवं पेंशन कार्यालय के डिप्टी डायरेक्टर भारती कोर्राम कश्यप तथा जिला कोषालय के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## बस्तर के बेरोजगारों की आवाज बुलंद करेगा मुक्ति मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- पार्टी और मोर्चा जनता के बीच जाकर फिर करेंगे संवाद

बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के प्रमुख संयोजक एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के संभाग अध्यक्ष नवनीत चांद ने कहा है कि एनएमडीसी द्वारा 900 पदों की भर्ती में पारदर्शिता की कमी बस्तर वासियों के साथ धोखा है । अब मोर्चा एवं जनता कांग्रेस आवाज बुलंद करेगी, जनता के बीच कैंपन चलाएगी पुनः घेराव करेगी, और सड़क पर उतरकर नगरनार स्टील प्लांट का काम रोकेगी।



नवनीत ने कहा कि भर्ती को लेकर सवाल उठाते प्रदर्शन किया गया था परंतु आज तक ना किसी तरह की कार्रवाई हुई ना ही कोई जवाब आया यह बस्तर की आवाज को दबाने की तरह है बेरोजगारों के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने कहा कि बस्तर के बेरोजगारों के साथ अन्याय को लेकर जनता और बेरोजगार युवाओं के साथ संघर्ष करेंगे।








## जन्मदिन की हार्दिक बधाई.. शुभकामनाएं

# विनायक गोयल जी



### जन सेवा के साथ शुरू होती है दिन की शुरुवात


किसान परिवार में जन्मे विनायक गोयल का राजनीतिक जीवन गांव के चौपाल से शुरू हुआ । पंचायत प्रतिनिधी के रूप में उन्होंने तोकापाल विकासखंड के अपने गांव धर्माउर से शुरुवात की । जिला पंचायत सदस्य के रूप में कई ग्राम पंचायतों में भ्रमण के दौरान उन्हें महसूस हुआ कि गांव के लोग बुनियादी सुविधाओं पानी, बिजली, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी समस्याओं से जूझ रहे है। गांव के प्रतिनिधी के रूप में उन्होंने गरीब और दीन दुखिओं की सेवा को अपना उद्देश्य बनाया। लगातार गांव की समस्याओं को दूर करने के लिए हर स्तर पर प्रयास करते हुए लोगों को सुविधा देने का काम किया। पार्टी के छोटे से कार्यकर्ता के रूप में लगातार सक्रिय होने का उन्हें आगे चलकर फायदा मिला। पांच साल तक जिला पंचायत सदस्य के रूप में जन सेवा करने के बाद उन्हें भारतीय जनता पार्टी ने २०२३ में हुए विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी बनाया। सरल सहज और मिलनसार स्वभाव का जिस तरह पंचायत चुनाव में उन्हें जनता का आशीर्वाद मिला था उसी तरह विधानसभा चुनाव में लोगों ने उनकी निष्ठा पर मुहर लगाते हुए विधायक चुना। विधायक बनने के बाद से ही विनायक गोयल की दिनचर्या गांव में जनता से भेंट मुलाकात से शुरू होती हैं। सुबह जल्दी उठने की आदत को उन्होंने गांव के लोगों से मिलने और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनकर निराकरण करने में तब्दील किया। गांव धर्माउर में जनता दरबार रोज लगता है। पूरे चित्रकोट विधानसभा के 4 ब्लाक तोकापाल, लोहंडीगुड़ा,बास्तानार और दरभा के लोग पहुंचते हैं उन्हें भरोसा रहता है कि सुबह का समय जनता के लिए तय है इसलिए विधायक विनायक गोयल गांव में मिल जाएंगे । जहां उनकी समस्या का निराकरण हो जाएगा। गांव के नजदीक के अन्य विधानसभा क्षेत्र जगदलपुर के लोग भी उनके पास पहुंचकर गुहार करते है उन्हें भी निराश नही होना पड़ता है। वे कहते हैं जनता ने विश्वास रखकर चुना हैं इसलिए मेरा पहला कर्तव्य है जन सेवक बनकर उनके साथ खड़ा रहूं। सुख दुख में जनता के बीच पहुंचने का अलग सुख मिलता है। जिसे शब्दों में व्यक्त नही कर सकते ।

जब तक जीवन है तब तक जनसेवा
करते हुए लोगों के साथ मिलकर रहूं
यही मेरा सपना और संकल्प है।

**सदैव जनसेवा के लिए समर्पित**

**बस्तर माटी पुत्र एवं चित्रकोट विधानसभा के सम्माननीय विधायक**

## माननीय श्री विनायक गोयल जी



### चित्रकोट विधानसभा के नागरिकों को मिली सौगात

- विधानसभा अंतर्गत पानी टेंकर वितरण कुल-41 नग
- विधानसभा अंतर्गत बोर खनन स्वीकृत 70 नग
- बस्तर विकास प्राधिकरण अंतर्गत सड़क / पुलिया/नाली एवं अन्य कार्य हेतु स्वीकृति राशि
- अधोसरंचना मद अंतर्गत सड़क / पुलिया/नाली एवं अन्य कार्यो हेतु स्वीकृति राशि
- समग्र विकास योजना मद अंतर्गत सड़क /पुलिया/नाली एवं अन्य कार्यो हेतु स्वीकृति राशि
- मण्डी बोर्ड मद अंतर्गत सड़क /पुलिया/नाली एवं अन्य कार्यो हेतु स्वीकृति राशि
- कांदानार स्टाप डेम निर्माण कार्य
- राजामुण्डा स्टाप डेम निर्माण कार्य
- पेदापारा मंडवा स्टाप डेम निर्माण कार्य
- बड़ेआरापुर स्टाप डेम निर्माण कार्य
- बारूपाटा व्यपवर्तन योजना निर्माण
- कोयनार स्टाप डेम निर्माण कार्य
- चितापुर स्टाप डेम सह सोलर पम्प का निर्माण
- बड़ेपाराकोट स्टाप डेम सह सोलर पम्प का निर्माण
- चित्रकोट तलाब बांध एवं नहर मरम्मत कार्य
- लोहण्डीगुड़ा लंका नाला स्आप डेम
- गढ़िया मुण्डीगुड़ा व्यपवर्तन योजना नहर निर्माण
- करेकोट एनीकेट कम काजवे
- मंगरपखना मिचनार स्आप डेम
- आंजर स्टाप डेम कम काजवे सह सोलर पंप्त एवं विद्युत कार्य
- बास्तानार गंजोपारा स्टाप डेम कम काजवे सह सोलर पंप्त एवं विद्युत कार्य
- बास्तानार साडरा एनीकेट सह सोलर पंप एवं विद्युत कार्य
- बड़ेधाराउर स्टाप डेम सह सोलर पंप निर्माण कार्य
- बास्तानार मूतनपाल स्टापडेम सह काजवे
- पारापुर व्यपवर्तन योजना
- मटनार से तामड़ाघुमर मार्ग का निर्माण ३.80 कि.मी.
- ककनार से धरमाबेडा मार्ग का निर्माण १२.६५ कि.मी.
- मारडूम से करलाकोंटा मार्ग का निर्माण 8.50 कि.मी.
- कोण्डालूर से दरभा तक ६ कि.मी.
- परलकोट से बांडापारा बड़किलेपाल-३ पहुंच मार्ग 5.50 कि.मी.
- ककनार हाईस्कूल भवन का निर्माण
- लोहण्डीगुड़ा 100 सीटर नवीन आवासीय विद्यालय भवन निर्माण कार्य
- प्री/पोस्ट मैट्रिक बालक / बालिका छात्रावास निर्माण/आहता निर्माण/लाईब्रेरी सीपन / शौचालय निर्माण एवं अन्य कार्य
- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दरभा

**शुभकामनाओं के साथ..**

## चित्रकोट विधानसभा के समस्त नागरिक








आपका स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता
National Doctor's Day
निःस्वार्थ भाव एवं पूर्ण निष्ठा से मानवता की सेवा में समर्पित समस्त चिकित्सकों को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
ओम हॉस्पिटल
प्रतापदेव वार्ड नं.-11, हाता ग्राउंड के सामने, जगदलपुर
संपर्क- 91317 53200, 84359 08123
उपलब्ध सुविधाएं
एडवांस ट्रामा सेंटर
हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण
चेहरे की प्लास्टिक सर्जरी
स्टेट ऑफ आर्ट बर्न यूनिट
मैक्सिलोफेशियल सर्जरी
कैंसर रोग विभाग
मस्तिष्क एवं स्पाइन रोग
जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
मेडिसिन विभाग
गहन चिकित्सा विभाग
पेट, लिवर एवं पैन्क्रियास रोग
पेट से संबंधित सभी बिमारियों का ईलाज
24x7 आपातकालिन सुविधा
24x7 वेन्टी एम्बुलेंस सुविधा
मरीजों को निः शुल्क भोजन
शिशु रोग
नवजात गहन चिकित्सा विभाग
स्त्री एवं प्रसूति विभाग
नार्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी
बच्चेदानी के कैंसर का ईलाज
अत्याधुनिक के साथ ऑपरेशन थियेटर
इन हाऊस मेडिकल स्टोर्स
एडवांस पैथालॉजी यूनिट
डिजीटल एक्स-रे
ईसीजी
बी.पी. शुगर का ईलाज
राशन कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड से ईलाज की सुविधा
छत्तीसगढ़ एवं ओड़िसा
इंश्योरेंस एवं टी.पी.ए से
कैशलेस इलाज


राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस
की बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं...
अपनी श्रेष्ठ सेवाओं द्वारा जनमानस के स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए हम सभी डॉक्टर्स का धन्यवाद करते हैं
अशोका डेंटल केयर
मल्टीस्पेशलिटी डेंटल क्लीनिक
सुविधायें-
कम्प्युटराइज्ड एक्स-रे
कृत्रिम दंत रोपण (इम्पलांट)
पायरिया का इलाज
टेढ़े मेढ़े दाँतों का इलाज
दाँत की नसों का इलाज
दाँत के रंग की फिलिंग
फिक्स दाँत
अत्याधुनिक मशीन से दाँतों की सफाई
सम्पूर्ण नयी बत्तीसी बनाना
स्माईल डिजाईनिंग
मसूड़ों की समस्याओं का सम्पूर्ण इलाज विशेषज्ञ द्वारा
डॉ. विकास दीवान
बी.डी.एस., एम.डी.एस. (पेरियोडॉन्टिक्स & इम्पलांटोलोजिस्ट)
Reg. No. CGDC/PG/21/629
62656-56120
डॉ. अनुरूप साहू क्लीनिक के पास, प्रतापगंज पारा, जगदलपुर (छ.ग.)


सेवानिवृत्ति के इस खास मौके पर मैं आपके लिए ढेर सारी खुशियां
और सफलता की कामना करती हूं आपके साथ बिताए हर पल मेरे लिए अनमोल है
और मैं आपके साथ इस नये सफर को शुरू करने के लिए उत्साहित हूं...
श्रीमती मीना खरे (पत्नी)
HAPPY Retirement!
हमारे परम आदरणीय पापा जी
डॉ. जी.पी. खरे जी
को सेवानिवृत्त की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
आपके सेवानिवृत्ति जीवन के लिए बहुत बहुत बधाई पापा
आपने अपने कैरिअर में बहुत मेहनत की है,
अब आपके आराम करने और
अपने सपने को जीने का समय है हमे आप पर गर्व है पापा...
विनीत :-
श्रीमती मनीषा - अनिल नागराज
श्री अनिल - पूनम खरे
श्री नीलकमल - किरण खरे
तक्ष, तन्शु, शिफा...
डॉ. जी.पी. खरे जी (प्राचार्य)
झाड़ा सिरहा शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय, जगदलपुर (बस्तर)
13.07.1987 से 30.06.2025